'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 33 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए वीरवार, 18 अप्रैल 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

# भाजपा के शासन में महिलाओं को किया गया सशक्त : नायब सैनी

**भाजपा ने नीति बनाकर सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर सभी विधानसभा क्षेत्र में किया बराबर का विकास**

**गरीबों महिलाओं और युवाओं पर भाजपा का खास ध्यान**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का विधायक नहीं होने के बावजूद पिछले 10 सालों में जबरदस्त विकास हुए हैं, डबल इंजन की सरकार ने सबका साथ सबका विकास के नारे को सार्थक करते हुए यहां विकास करवाने का काम किया है,जबकि यहां के विधायक को विकास की पड़ी ही नहीं थी। कांग्रेस की नीति अवैध कालोनियां पर अपना घर भरने की रही है,लेकिन मनोहर लाल की सरकार ने सभी कॉलोनियों को अधिकृत कर वहां पर बिजली, पानी, सीवर, सड़क बनाने का फैसला किया और इस फैसले का एनआईटी को काफी लाभ हुआ। फिर भी अगर कुछ समस्या रह गई है तो उसे 4 जून के बाद पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री आज यहां भाजपा उम्मीदवार कृष्ण पाल गुर्जर के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के लिए महिलाएं वोट बैंक से ज्यादा कुछ नहीं रही। उन्होंने महिलाओं का वोट लेकर महिलाओं का शोषण करने का काम किया। आज जो लोग राहुल गांधी के पास बैठते हैं,वह महिलाओं के प्रति गलत भाषा का प्रयोग करते हैं जबकि नरेंद्र मोदी की सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में कदम उठाए। आज हमारी बेटियां सीमा पर देश की रक्षा करने का काम कर रही है और नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन बिल के माध्यम से महिलाओं को 33% आरक्षण विधानसभा और लोकसभा में देने का फैसला किया है। बिल पास हो चुका है और अगली योजना से यह लागू हो जाएगा।

नायब सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। अब गरीबों को अपने इलाज की चिंता नहीं सताती आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख रुपए का इलाज वह किसी भी बड़े अस्पताल में हर साल करवा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों का ही परिणाम है कि देश में 25 करोड लोग गरीबों की रेखा से बाहर निकालने में सफल हुए हैं।

**कांग्रेस डेंगू और मलेरिया इसे खत्म करो : गुर्जर**

फरीदाबाद लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार कृष्ण पाल गुर्जर ने कांग्रेस को सनातन विरोधी बताते हुए डेंगू और मलेरिया की संज्ञा देते हुए कहा है कि इसका खात्मा करना ही ठीक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा नौटंकी तो बहुत करते हैं लेकिन उनका विकास पर कोई ध्यान नहीं है। कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि पहले दुनिया बोलती थी भारत सुनता था लेकिन इन 10 सालों में यह स्थिति बदल गई है आज भारत बोलता है, दुनिया सुनती है। उन्होंने कहा कि जब नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली तो भारत और व्यवस्था में 11 नंबर पर था और इन 10 सालों में यह पांच स्थान पर आ गया है तथा नरेंद्र मोदी ने संकल्प किया है कि अगले 5 सालों में यह विश्व की तीन बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि हमने चार वैचारिक संकल्प किए थे जिनमें धारा 370 को खत्म करना, राम मंदिर का निर्माण, पड़ोसी राष्ट्रों के गैर मुसलमानों को देश की नागरिकता और समान नागरिक संहिता शामिल थे,इनमें से तीन संकल्प पूरे कर दिए गए हैं और चौथे संकल्प समान नागरिक संहिता को इन 5 सालों में पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह पिछले 5 सालों में एनआईटी में हुए विकास का डाटा लेकर आए हैं और बता सकते हैं कि यहां पर 451 करोड रुपए के विकास कार्य हुए हैं उन्होंने कहा कि सभी 90 विधानसभा क्षेत्र में एक समान विकास कार्य करवाए गए हैं।

**पूरा देश भाजपा के साथ : शर्मा**

हरियाणा सरकार में मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बड़खल बल्लभगढ़ और एनआईटी विधानसभा क्षेत्र मिलकर एक त्रिवेणी बनता है और इस त्रिवेणी में पिछले 10 सालों में जबरदस्त विकास के कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर देश को सुरक्षित रखना है,बच्चों गरीबों बुजुर्गों को सुविधा देनी है तो बीजेपी को वोट देना चाहिए। शर्मा ने कहा कि पूरा फरीदाबाद एक होकर इस बार यहां से कृष्ण पाल गुर्जर को 10 लाख से ज्यादा वोटों से जितवाने का संकल्प ले चुका है।

**प्रवीण भड़ाना भाजपा में शामिल**

प्रवीण भड़ाना और राज लोहिया ने आज यहां भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उन्हें पटका पहनकर भाजपा में शामिल किया। सभा में शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा विधायक राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, लोकसभा संयोजक अजय गौड़, यशबीर डागर, वरिस्थ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी नीरा तोमर, पूर्व ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पूर्व ज़िला महामंत्री आर एन सिंह, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, राजेश डागर, सतीश फागना, मंडल अध्यक्ष कवीन्द्र सिंह सन्दीप भड़ाना, संजीव सोम, लक्ष्यवर्धन सिंह, भगवान सिंह, बीर सिंह नैन, सुरेंद्र अग्रवाल, जयबीर खटाना, मुकेश डागर, ललित यादव, महेंद्र सरपंच, सुरेंद्र भड़ाना, भरत भड़ाना, अनिल लोहिया, धर्मवीर भड़ाना, नरेंद्र विधूड़ी, राकेश खटाना, मुकेश डागर, राजेश डागर, मनोज भड़ाना, राजन मुथरेजा, झाम्मनलाल शर्मा, सह प्रभारी राज मदान, प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक अमित मिश्रा, और भाजपा कार्यकर्ता, और इलाके के सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के सदस्य और इलाके के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# नायब सिंह सैनी की रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचें लोग : बिजेंद्र नेहरा

**कांग्रेस को 2014 व 2019 की तर्ज पर हार का डर सता रहा है। कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा को जिताएंगे : बिजेंद्र नेहरा**




बिजेंद्र नेहरा अपने समर्थकों के साथ विजय संकल्प रैली का निमंत्रण देते हुए।

समाचार गेट ब्यूरो

पृथला विधानसभा में आयोजित रैली मैं ज्यादा से ज्यादा संख्या मैं लोगों से पहुँचने की अपील करते हुए बिजेंद्र नेहरा ने कहा की विजय संकल्प यात्रा रैली फरीदाबाद ही नहीं बल्कि पूरे हरियाणा मैं सफलता के रिकॉर्ड तोड़ रही है इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर एक के बाद एक कई हमले किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अभी तक अपने उम्मीदवार भी घोषित नहीं कर पाई है इससे पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी के अंदर सीटों के बंटवारे को लेकर कितनी खींचतान मची है। जो सीटों को लेकर लेकर अपनी सहमति नहीं बना पा रहे वो सरकार बनाने का सपना देख रहे हैं। नेहरा ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार ने मिलकर प्रदेश को आगे बढ़ाया है।

**कांग्रेस अभी तक अपने उम्मीदवार भी घोषित नहीं कर पाई है इससे पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी के अंदर सीटों के बंटवारे को लेकर कितनी खींचतान मची है। जो सीटों को लेकर लेकर अपनी सहमति नहीं बना पा रहे वो सरकार बनाने का सपना देख रहे हैं। नेहरा ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार ने मिलकर प्रदेश को आगे बढ़ाया है।**

बिजेंद्र नेहरा ने कहा कि कांग्रेस को 2014 व 2019 की तर्ज पर हार का डर सता रहा है। उन्होंने कहा की वह कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा को जिताएंगे।

जानकारी के लिए बता दें की बिजेंद्र नेहरा ने रैली को सफल बनाने के लिए कई दिनों से गाँव-गाँव जाकर लोगों से संपर्क किया और रैली मैं ज्यादा से ज्यादा संख्या मैं पहुँचने के लिए प्रेरित किया। बिजेंद्र नेहरा से जब यह पूछा गया कि क्या वह पृथला विधानसभा से लड़ेंगे ? तो उन्होंने कहा कि वह पार्टी के फैसले का सम्मान करते आये हैं और पार्टी ने मुझे फ़िलहाल प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी है मैं उसे पूरी निष्ठा और लगन के साथ पूरा कर रहा हूं। अभी लोकसभा चुनाव सर पर हैं और हमें मोदी जी के नेतृत्व मैं 400 पार का आंकड़ा पार करना है, जब विधानसभा चुनाव होगा तब पार्टी का जो भी आदेश होगा उसके अनुसार ही चलेंगे फ़िलहाल पूरा फोकस लोकसभा चुनाव पर है।




# कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी अपने भ्रष्टाचार की दुकान को बचाने के लिए एक साथ हो गए हैं : मोदी

### कांग्रेस और कम्युनिस्टों ने त्रिपुरा को हिंसा और भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था : मोदी

### पहला प्रधानमंत्री हूं जो 10 वर्षों में 50 बार नॉर्थ ईस्ट आया हूं, कांग्रेस के तो मंत्रियों को भी नहीं पता त्रिपुरा कहां है : मोदी

### कांग्रेस और इंडी अलायंस की लूट ईस्ट पॉलिसी पर लगाया ताला : मोदी

### भाजपा प्रत्याशी बिप्लब कुमार देब के समर्थन में पीएम मोदी ने त्रिपुरा में जनसभा को किया संबोधित

### बिप्लब कुमार देब हरियाणा में भाजपा के प्रदेश प्रभारी भी हैं

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़/नई दिल्ली/अगरतला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बुधवार को अगरतला, त्रिपुरा में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और त्रिपुरा में प्रचंड बहुमत से हर सीट पर भाजपा और एनडीए के उम्मीदवारों को भारी बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य, त्रिपुरा पूर्व लोकसभा से प्रत्याशी महारानी कृति सिंह देब बर्मा और पश्चिम त्रिपुरा लोकसभा से प्रत्याशी बिप्लब कुमार देब सहित पार्टी के अन्य नेतागण उपस्थित रहे। बता दें कि बिप्लब कुमार देब हरियाणा में भाजपा के प्रदेश प्रभारी भी हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विगत 10 वर्षों में भाजपा द्वारा किए गए जनकल्याणकारी और विकास कार्यों को रेखांकित किया और कांग्रेस द्वारा पूर्वोत्तर भारत की अनदेखी की आलोचना की। उन्होंने सीपीएम और कांग्रेस के अवसरवादी होने पर निशाना साधा और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी मतों के साथ विजयी बनाने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि 500 वर्ष के लंबे इंतजार और संघर्ष के बाद वो राम नवमी आई है, जब प्रभु श्रीराम अयोध्या के भव्य मंदिर में विराजमान हैं। एक समय था जब रामलला टेंट में रह रहे थे, मगर आज सूर्य की किरणों ने भव्य मंदिर में राम लला के मस्तक का अभिषेक किया है। ऐसे पवित्र मौके पर सब त्रिपुरा की धरती पर उपस्थित हैं, जहां सूर्य की किरणे सबसे पहले पहुंचती है। आज की सूर्य की किरणी देश के नए प्रकाश की प्रतीक बन रही है। आज देश विकसित भारत और विकसित त्रिपुरा के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। त्रिपुरा की जनता का यह उमंग, विश्वास और जनसमर्थन बता रहा है कि त्रिपुरा समेत पूरे देश का मूड़ क्या है। त्रिपुरा की माताओं-बहनों का उत्साह राज्य को लूटने वालों की नींद उड़ाने वाला है। त्रिपुरा की जनता जो सोच लेती है उसे पूरा करके रहती है।

श्री मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने त्रिपुरा में कनेक्टिविटी को बढ़ाने पर जोर दिया है। जल जीवन मिशन के तहत 5 लाख से ज्यादा घरों को जल पहुंचाया गया। आज त्रिपुरा में किसान सम्मान निधि की रकम किसानों के खातों में बिना किसी कमिशन के पहुंच रही है। भाजपा सरकार ने त्रिपुरा की 3 लाख से अधिक महिलाओं को गैस कनेक्शन मुहैया कराया है और जनजानतीय समाज के बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए एकलव्य मॉडल स्कूल खोले।

मोदी सरकार आने से पहले त्रिपुरा के लोग जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित थे और कांग्रेस की विकास विरोधी राजनीति से जूझ रहे थे। कांग्रेस की सरकार ने त्रिपुरा में पीएम आवास योजना को बाणधित करने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के भरसक प्रयास से राज्य में 3.5 लाख से अधिक पक्के आवास बनाए गए हैं। भाजपा ने संकल्प लिया है कि अगले 5 वर्षों में देश में 3 करोड़ नए घर बनाए जाएंगे, जिसका लाभ त्रिपुरा की जनता को मिलेगा।

पिछले एक दशक में त्रिपुरा का विकास के लिए भाजपा सरकार ने जो किया वह मात्र ट्रेलर है, अभी तो पूर्वोत्तर को बहुत आगे जाना है। भाजपा ने अगले पांच वर्षों के लिए जो संकल्प पत्र प्रस्तुत किया है वह त्रिपुरा की जनता के लिए विकास के नए द्वार खोलेगा। हर लाभार्थी को नि:शुल्क राशन मिलता रहेगा, ताकि किसी गरीब के बच्चे भूखे न सोये, यह मोदी की गारंटी है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में तय किया है कि 70 वर्ष से अधिक आयु के हर व्यक्ति को आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क 5 लाख तक का इलाज दिया जाएगा।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा की सरकार हाइवे, इंटरनेट, रेलवे, ऐयरवेज के माध्यम से पूर्वोत्तर के विकास के लिए आगे बढ़ रही है। आज त्रिपुरा में 3 लाख हजार करोड़ की लागत से फोर लेन हाईवे का कार्य प्रगति पर है। वेस्टर्न अगरतला बायपास का कार्य भी अगले 2-3 वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है। त्रिपुरा को बांग्लादेश से जोड़ने के लिए कुछ वर्षों पूर्व मैत्री सेतु की शुरूआत की गई है। एक समय त्रिपुरा में मोबाइल के सिग्नल भी उपलब्ध नहीं थे, आज 5जी सेवाओं का विस्तार हो रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में मोबाइल सुविधाओं के दाम आसमान को छू रहे थे। मगर मोदी सरकार ने मोबाइल डाटा इतना सस्ता कर दिया है कि हर वर्ग के लोग इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं। कोरोना काल में गरीब के बच्चे भी मोबाइल और इंटरनेट सुविधाओं के माध्यम से पढ़ाई से जुड़े रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि त्रिपुरा में रेलवे कनेक्टिविटी के विकास के लिए पिछले 10 वर्षों में राज्य को एक दर्जन से अधिक ट्रेनों के द्वारा जोड़ा गया और रेलवे लाइन के इलेक्टरिफिकेशन के कार्य को तेजी के साथ पूरा किया गया। अगरतला एयरपोर्ट में नवीन और आधुनिक टर्मिनल का निर्माण किया गया। त्रिपुरा की भाजपा सरकार राज्य के विकास के लिए एक एक कदम आगे बढ़कर इराप्लस मॉडल पर कार्य कर रही है। पूर्व की सरकारों और राजनीतिक पार्टियों को नॉर्थ ईस्ट की याद तभी आती थी जब उन्हें उत्तर पूर्व की जनता से वोट चाहिए होता था। कांग्रेस और इंडी अलायंस की सरकारों ने केवल लूट ईस्ट पॉलिसी का ही बोलाबाला था। लेकिन 10 साल पहले मोदी सरकार ने कांग्रेस और इंडी अलायंस की लूट ईस्ट पॉलिसी पर ताला लगा दिया। आज देश लूट ईस्ट पॉलिसी को छोड़कर एक्ट इस्ट पॉलिसी पर काम कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं ऐसा पहला प्रधानमंत्री हूं जो मात्र 10 वर्षों में 50 से अधिक बार नॉर्थ इस्ट आया हूं। जबकि कांग्रेस के कई मंत्रियों और नेताओं को यह भी नहीं पता था कि भारत के नक्शे पर त्रिपुरा कहा है। त्रिपुरा के लिए भाजपा का मतलब है विकास की राजनीति। लेकिन यहां कम्युनिस्टों का जो इतिहा रहा है, वो है विनाश की राजनीति और कांग्रेस का ट्रैक रिकार्ड ही करप्शन की राजनीति है।

पीएम मोदी ने कहा कि जब तक त्रिपुरा में सीपीएम और कांग्रेस पक्ष-विपक्ष में रहे, यहां पर करप्शन फलता-फूलता रहा। कम्युनिस्टों ने त्रिपुरा को हिंसा और भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था। आमने-सामने पक्ष-विपक्ष में रहने वाले यह दोनों दल अपने भ्रष्टाचार की दुकान को बचाने के लिए एक साथ हो गए हैं। कांग्रेस और कम्युनिसट पार्टी कितनी अवसरवादी है इसका पता इस बात से चलता है कि त्रिपुरा में दोनों दल एक साथ चुनाव लड़ रहे हैं, मगर केरल में एक दूसरे के जानी दुश्मन बने हुए हैं। केरल में कांग्रेस कम्युनिस्टों का आतंकवादी बताती है और कम्युनिस्ट कांग्रेस को भ्रष्टाचारी कहती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के युवराज उत्तर प्रदेश में चुनाव हारने के बाद अपनी इज्जत बचाने के लिए केरल भाग गए थे। केरल के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। जिससे नाराज होकर कांग्रेस के युवराज ने बयान दिया है कि केरल के मुख्यमीं भ्रष्टाचार में लिप्त हैं औरउनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इससे यह स्पष्ट है कि अगर कोई युवराज की आलोचना करता है तो कांग्रेस चाहती है कि उस व्यक्ति को जेल में डाल दिया जाए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है कि भ्रष्टाचार करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जब भाजपा सरकार केरल के मुख्यमंत्री का सच सामने लाती है तब कांग्रेस की बोलती बंद हो जाती है। जैसे ही की जांच एजेंसी अपनी कार्रवाई शुरू करती है ता`विपक्षी दल भाजपा सरकार पर हावी हो जाते हैं, यही कांग्रेस का असली चेहरा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार का संकल्प भ्रष्टाचार हटाना है, वहीं दूसरी तरफ इंडी गठबंधन का उद्देश्य भ्रष्टाचार को बचाना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी को दिया वोट व्यर्थ जाएगा और भाजपा को दिया प्रत्येक वोट देश में विकसित भारत की नींव को मजबूती प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि त्रिपुरा की समृद्धि और विकास के लिए आगामी 19 और 26 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाएं और त्रिपुरा का भविष्य सुनिश्चित करें।

# किसान, कमेरा वर्ग सहित सभी लोग भाजपा के पक्ष में : राव इंद्रजीत सिंह

### कांग्रेस की सरकार में चलता था जाति-पाति का नारा

### भाजपा का नारा सबका साथ-सबका विकास

### भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने खोला लोकसभा चुनाव कार्यालय



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** भभारतीय जनता पार्टी के गुड़गांव लोकसभा से प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में माहौल भाजपा के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि किसान, कमेरा वर्ग सभी भाजपा के साथ खड़े हैं। राव ने ये बातें बुधवार को सेक्टर-15 में लोकसभा चुनाव कार्यालय खोलने के बाद प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का लक्ष्य हर वर्ग का विकास करना है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 10 सालों में हर क्षेत्र में जबरदस्त विकास हुआ है।

पार्टी के संकल्प पत्र पर राव ने कहा कि मोदी की गारंटी वाला संकल्प पत्र देश के हर वर्ग और व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के संकल्प पत्र में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी आदि चारों वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि देश जब आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा तब भारत विकसित राष्ट्र होगा।

एक सवाल के जवाब में इंद्रजीत ने कहा कि देश तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। कोरोना के समय बड़े-बड़े देशों की अर्थव्यवस्था डगमगा गई थी तब भी भारत साढ़े छह फीसदी की रफ्तार से आगे बढ़ रहा था। देश और प्रदेश में सड़कों, हाइवे, रेलवे नेटवर्क मजबूत हो रहा है। लोगों को आसानी से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में दस सालों में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंची है और अगले पांच सालों में भारत दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था होगा।

एक सवाल पर राव इंद्रजीत ने कहा कि जाति-पाति का नारा तो विपक्ष की सरकारों में चलता था। अब तो सबका साथ, सबका विकास का नारा चल रहा है। राव ने कहा कि गुरुग्राम लोकसभा पिछले वर्षों में केंद्र सरकार की ओर से रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य हुए हैं । उन्होंने कहा कि देश का 22 वन रेवाड़ी के माजरा में बनाने का कार्य शुरू हो चुका है ओल्ड गुड़गांव मेट्रो का शिलान्यास हो गया है, द्वारका एक्सप्रेसवे , रेवाड़ी - नारनौल एक्सप्रेसवे , नारनौल - अंबाला ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे पर यातायात दौड़ रहा है। सड़क हो या रेल जयपुर दिल्ली - चंडीगढ़ का सफर आसान हुआ है वंदे भारत ट्रेन सीधी चंडीगढ़ तक जा रही है। सोहना की दूरी 10 मिनट की हो गई है 2000 करोड़ का एलिवेटेड लोगों का सफर आसान कर रहा है। 1 लाख करोड़ का दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस वे दौसा तक तैयार हो चुका है। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जनता विकास चाहती है, इसलिए मतदाताओं ने चुनाव में भाजपा के पक्ष में मन बना लिया है।

इस मौके पर हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आरती राव, विधायक अटेली सीताराम, विधायक कोसली लक्ष्मण यादव, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर , जिला अध्यक्ष कमल यादव, लोकसभा संयोजक मनीष मित्तल, महिला प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शिनी, जिला प्रभारी संदीप जोशी, जवाहर यादव, मनीष यादव, राव अभय सिंह चेयरमैन, पूर्व मेयर विमल यादव, प्रो. हंसराज यादव नूंह जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, समय सिंह भाटी, महेश चौहान, जिला महामंत्री रामबीर भाटी, जिला मीडिया प्रमुख गजेंद्र गुप्ता, जिला सह मीडिया प्रमुख पवन यादव आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने अभी से भूमिका बनानी प्रारंभ कर दी कि लोकसभा चुनाव में हारने के बाद ईवीएम को लेकर कैसे रोना है व क्या कहना है : अनिल विज

### राहुल गांधी अकेले चुनाव नहीं लड़ रहे और उनके साथ 27-28 पार्टियां और है, जो राहुल गांधी बोलते हैं उसमें क्या उनके साथ सभी पार्टियां सहमत हैं : अनिल विज

### केजरीवाल एक अच्छे स्टोरी राइटर हैं जो स्क्रिप्ट वो लिखते है उसे लिखने के बाद इसे वैसे ही चलाते हैं : अनिल विज




**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला छावनी के विधायक श्री अनिल विज ने लोकसभा चुनावों से पहले ही कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी द्वारा ईवीएम पर सवाल उठाने पर तंज किया है। श्री विज ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि जब हिमाचल प्रदेश एवं कर्नाटक में कांग्रेस जीती तब क्या प्रियंका गांधी सो रही थी, तब भी ईवीएम का प्रयोग हुआ था, तब वह क्यों नहीं बोली। अनिल विज ने कहा कि इन्होंने अभी से भूमिका बनानी प्रारंभ कर दी है कि हारने के बाद हम सभी ने कैसे रोना है व क्या कहना है, उसी की भूमिका ये अभी से बना रहे हैं।

राहुल गांधी के बयान कि उनकी सरकार बनने पर अग्निपथ को रद्द किया जाएगा, पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जो रोज बोलते हैं, वह देश से जानना चाहते हैं कि राहुल गांधी उसे पूरा कैसे करेंगे। राहुल गांधी अकेले चुनाव नहीं लड़ रहे और उनके साथ 27-28 पार्टियां और भी है। जो राहुल गांधी बोलते हैं, उसमें क्या 27-28 पार्टियां सहमत हैं। आज इनकी हालत पतली है और पीछे से भी पतली है जिसमें महज 50 सांसद ही है, तो 50 सांसदों वाला कैसे देश का कानून बना सकता है। हां, यह लोगों का मनोरंजन कर सकते हैं, जिसके लिए खुली छूट है।

**केजरी नीति यही है कि आप के बड़े नेता जेल में अच्छे वातावरण में रहकर वहीं से ही यह सरकार चलाएंगे : अनिल विज**

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल जेल से ही मंत्रीमंडल की बैठक लेंगे के सवाल पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि आम आदमी पार्टी राजनीति की नई फीलासफी लोगों के सामने पेश कर रही हैं। पहले आई विदुर नीति, फिर आई चाणक्य नीति और अब केजरी नीति आई है। केजरी नीति कई प्रकार के नए प्रयोग करके दिखा रही है। केजरी नीति में यही है कि बड़े नेता जेल में अच्छे वातावरण में रहकर जेल से ही यह सरकार चलाएंगे।

केजरीवाल द्वारा स्वयं को आतंकवादी नहीं कहने के बयान पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि केजरीवाल की पार्टी के ही पंजाब के मुख्यमंत्री ने सबसे पहले यह शब्द इस्तेमाल किया और इससे पहले किसी ने उन्हें आतंकवादी नहीं कहा। केजरीवाल एक अच्छे स्टोरी राइटर हैं जो स्क्रिप्ट लिखते है और लिखने के बाद इसे वैसे ही चलाते हैं।

वहीं, लोकसभा चुनाव लेकर आम आदमी पार्टी ने आपका राम राज्य वेबसाइट लांच करने पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि राम तो एक ही हैं और राम राज्य की कल्पना भी एक ही है। अब आम आदमी पार्टी वालों ने और राम खड़ा कर लिया तो यह बात समझ से परे है।

**भाजपा प्रजातांत्रिक पार्टी है जिसमें हर स्तर पर संगठन बना हुआ है : अनिल विज**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा देश में एक ही नेता के बयान को अपमानजनक कहने पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि राहुल गांधी को कौन रोज नई-नई बाते सिखाता है। भाजपा संगठन की पार्टी है और कांग्रेस का कोई संगठन नहीं है। देश में तीन या चार प्रकार की पार्टी हैं, प्रजातांत्रिक पार्टी जोकि भाजपा है, कुनबे की पार्टी है जैसे एक ही कुनबा चला आ रहा है जिसमें गांधी या नेहरू परिवार के अलावा कोई अन्य नहीं रह सकता। कुछ गैंगस है जोकि सरकार बनाकर लूटते हैं। इसलिए भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी है जिसमें हर स्तर पर संगठन है, इसमें राष्ट्रीय, राज्य, जिला, नगर, मंडल, बूथ एवं पन्ना प्रमुख स्तर तक संगठन बना हुआ है।

# भूपेंद्र यादव की जीत से खुलेगा अलवर के चहुंमुखी विकास का रास्ता : राव नरबीर सिंह




### पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने अलवर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के समर्थन में झोंकी ताकत

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हिसार, सिरसा व रोहतक लोकसभा के कलस्टर प्रभारी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की जीत अलवर लोकसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास की जीत का रास्ता खोलेगी। पिछले पांच सालों के दौरान कांग्रेस सरकार ने अलवर को विकास की दृष्टि से काफी पीछे धकेल दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को चरितार्थ करने को आतुर बैठी देश-प्रदेश की जनता आने वाले लोकसभा चुनाव में इतिहास लिखने जा रही है। राव नरबीर सिंह अलवर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के समर्थन में तिजारा, टपुकड़ा, किशनबास व खैरथल में आयोजित सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर अलवर से भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव विशेष रूप से मौजूद रहे।

जनसभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के साथ चलने को तैयार है। क्षेत्र में किए जा रहे जनसंपर्क के दौरान देखने से साफ हुआ कि लोगों का उत्साह बता रहा है कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है। क्योंकि पिछले दस वर्षों के दौरान देश में इतने ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं, जो अभी तक नहीं हुए। पिछले दो साल के भाजपा सरकार के कार्य आजादी के बाद से 60 साल पर भारी पड़ रहे हैं।

राव नरबीर सिंह ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि पार्टी प्रत्याशी की जीत के साथ ही अलवर लोकसभा क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खुल जाएंगे। पिछले पांच साल के दौरान विकास की दौड़ में पिछड़ चुके अलवर की क्षेत्रीय समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के साथ-साथ आम आदमी से जुड़ी परेशानियों को दूर कराने के साथ-सात विकास के मामले में अलवर को अग्रणीय स्थान पर लाया जाएगा। खैरथल क्षेत्र का जो विकास होना था, वह अभी तक नहीं हो पाया है, इसलिए इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत को पूरी दुनिया देख चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में जहां विकसित भारत की झलक दिखाई दे रही है, वहीं कांग्रेस का घोषणा पत्र धार्मिक आधार पर तैयार किया गया है। इसलिए देश व प्रदेश के विकास के लिए भूपेंद्र यादव को भारी मतों से विजयी बनाकर प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को और मजबूत करना है।

इस मौके पर पार्षद राकेश यादव, पार्षद ब्रह्म यादव, राकेश यादव फाजिलपुर, लीलू सरपंच, लखन सरपंच, अक्षय राव, सुरेश यादव सहित काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारतीय तटरक्षक बल ने मछली पकड़ने वाली नौका को बचाया

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक दल ने 16 अप्रैल, 2024 को मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका रोजरी को सफलतापूर्वक बचा लिया। इस नौके का इंजन कर्नाटक के कारवार से लगभग 215 समुद्री मील की दूरी पर खराब हो गया था। भारतीय तटरक्षक पोत सावित्रीबाई फुले ने 13 अप्रैल, 2024 को इस नौके से प्राप्त हुई एक संकटपूर्ण कॉल का तुरंत जवाब दिया और फिर जल्द ही प्रतिकूल समुद्री परिस्थितियों के बीच फंसी हुई नौका के साथ संवाद स्थापित किया।



भारतीय तटरक्षक जहाज की बोर्डिंग टीम ने दुर्घटनास्थल पर पहुंच कर उस नाव के और भी परेशानी में पड़ने से पहले ही खराब हो गए इंजन को ठीक करने का प्रयास किया। इसके बाद, मत्स्य पालन विभाग के सहयोग से, तटरक्षक जिला मुख्यालय (कर्नाटक) द्वारा उपलब्ध कराई गई सहायता से मछली पकड़ने वाली नौका को कारवार की ओर ले जाया गया।

तत्पश्चात इसे आईएफबी लक्ष्मी नारायण को सौंप दिया गया, जो इसे सुरक्षित रूप से कारवार बंदरगाह तक ले गए।

# उमंग नरूला ने स्वच्छता पखवाड़ा, 2024 का किया शुभारंभ

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्रालय के सचिव उमंग नरूला ने नई दिल्ली में संसदीय कार्य मंत्रालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाने के साथ स्वच्छता पखवाड़ा, 2024 (16 से 30 अप्रैल, 2024 तक) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में संसदीय कार्य मंत्रालय के अपर सचिव डॉ. सत्य प्रकाश ने हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों में स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया और स्वच्छता पखवाड़ा, 2024 के दौरान की जाने वाली प्रस्तावित गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण दिया। इस अवधि के दौरान, मंत्रालय की सभी लंबित भौतिक फाइलों की समीक्षा करने के साथ ही उनकी रिकॉर्ड तैयार की जाएगी और यदि आवश्यक हो तो उन्हें छांट दिया जाएगा। कमरों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर पुरानी और अप्रचलित इलेक्ट्रॉनिक और अन्य वस्तुओं को एकत्र किया जाएगा और उनकी नीलामी की जाएगी।



संसदीय कार्य मंत्रालय के सचिव द्वारा स्वच्छता मापदंडों पर सर्वश्रेष्ठ रहने वाले शीर्ष तीन वर्गों को पुरस्कार वितरण के साथ स्वच्छता पखवाड़ा 30 अप्रैल, 2024 को समाप्त होगा।

# होडल में हरियाणा मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान दिया ज्ञापन



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** लिपिकों के मूल वेतनमान में वृद्धि, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, नियमितीकरण की नीति, ग्रुप डी के कर्मचारियों का पदोन्नति का कोटा 50 प्रतिशत करने, ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की समीक्षा करने एवम् एक्सग्रेसिया में लगाई गई शर्तों को हटाने आदि मांगों का ज्ञापन कर्मचारियों ने हरियाणा मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन के बैनर तले हरियाणा कांग्रेस क्ष प्रदेशाध्यक्ष चौधारी उदयभान के होडल स्थित आवास पर दिया गया। कर्मचारी प्रदेश की सभी राजनैतिक पार्टियों के अध्यक्षयों को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंप रहे हैं। कर्मचारी डबचिक टूरिस्ट कॉप्लेक्स पर एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के निवास स्थान पर पहुंचे। कर्मचारियों का नेतृत्व हरियाणा मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन के प्रधान प्रकाश चंद और हेमसा यूनियन के राज बहादुर रावत ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए योगेश शर्मा ने बताया कि भाजपा द्वारा 2014 और 2019 के चुनावों में वेतन विसंगतियां दूर करने का वादा किया था। गत दिनों लगातार 42 दिनों की हड़ताल करने और सरकार से कई दौर की बातचीत होने के बावजूद सरकार ने लिपिक वर्ग के मूल वेतनमान में मामूली वृद्धि की है। लिपिकों की मूल वेतनमान 35 हज़ार 400 की मांग आज भी जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि एक तरफ़ तो सरकार रिकॉर्ड तोड जीएसटी एकत्रीकरण के दावे करती है जबकि दूसरी तरफ़ कोरोना काल में कर्मचारियों के फ्रिज किए गए 18 महीनों के महंगाई भत्ते का एरियर आज तक जारी नहीं किया गया है। विद्यालयों में अध्यापकों के हजारों पद खाली पड़े हैं लेकिन सरकार नियमित भर्ती न करके कौशल रोजगार निगम के माध्यम से भर्ती कर रही है। कौशल रोजगार निगम युवाओं के जीवन के साथ धोखा है। निगम को भंगकर कर्मचारियों की रेगूलर भर्तियां हों।

उन्होंने आगे बताया कि सातवें वेतन आयोग में प्राविधान था कि महंगाई भत्ते की दर 50 प्रतिशत से उपर जाने पर मकान किराया भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी लेकिन प्रदेश सरकार भत्तों में वृद्धि नहीं कर रही है।सर्व कर्मचारी संघ होडल खंड के अध्यक्ष देवेन्द्र नंबरदार ने बताया कि सरकार ने एक्सग्रेसिया स्कीम में शर्ते लगा रखी है जबकि मृत्यु कभी शर्तों के आधार पर नहीं होती है। एक्सग्रेसिया स्कीम में लगी शर्तों को हटाया जाना चाहिए। सरकार विभागों का बडी तेजी से निजीकरण कर रही है। पिछले दिनों बिजली निगम के कई फीडरों का संचालन निजी ऐजेंसियों को दिया गया है। जिसका कर्मचारियों ने पुरजोर तरीके से विरोध भी किया था। सरकार एनपीएस को रद्द कर पुरानी पेंशन को बहाल करे।प्रदर्शन में अध्यापक संघ के प्रधान ओम प्रकाश जाखड़, बिजली के प्रधान नरेन्द्र सौरोत, राकेश तंवर,लखवीर सौरोत, राजगोपाल शर्मा, हरकेश सौरोत , यशपाल सौरोत, पवन कुमार, महेंद्र, बीर सिंह सौरोत एवम् संदीप कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# बहीन थाना पुलिस ने विवाद में दो माह के बच्चे की मौत मामले में एक आरोपी पर कसा शिकंजा


**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार एसपी पलवल डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में बहीन थाना पुलिस ने विवाद में दो माह के बच्चे की मौत मामले में एक आरोपी को धर दबोचने में सफलता हासिल की है।

बहीन थाना प्रभारी निरीक्षक रेनू शेखावत के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कोट में सौतेले मां बेटों में हुए विवाद में दो माह का बच्चा घायल हो गया, घायल बच्चे को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बच्चे ने दम तोड़ दिया। दिनांक 28 मार्च 2024 को बच्चे की मां की शिकायत पर बहीन पुलिस ने इस मामले में पहले मारपीट का केस दर्ज किया था। लेकिन मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद बच्चे की हत्या चोट लगने से पाई गई थी, इसलिए इसमें हत्या की धारा भी जोड़ दी गई। प्रभारी थाना ने आगे बतलाया कि मामले में उप निरीक्षक हरिओम सिंह के नेतृत्व में गठित जांच इकाई ने वारदात में शामिल एक मुख्य आरोपी को गत दिनांक 15 अप्रैल 2024 को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर आरोपी से वारदात में प्रयुक्त प्लासटिक पाइप भी जांच इकाई ने बरामद किया।



आरोपी को आज पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत, नीमका जेल बंद कराया गया है मामले में फरार अन्य आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।




## संपादकीय

# राजनीति में चमकते मीडिया के सितारे



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

इन दिनों देश में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। जाहिर है राजनीति का आकर्षण प्रबल है। सिने कलाकार, साहित्यकार, वकील, न्यायाधीश, खिलाड़ी, गायक, उद्योगपति सब क्षेत्रों के लोग राजनीति में हाथ आजमाना चाहते हैं। ऐसा ही हाल पत्रकारिता के सितारों का भी है। मीडिया और पत्रकारिता के अनेक चमकीले नाम राजनीति के मैदान में उतरे और सफल रहे।

आजादी के आंदोलन में तो मीडिया को एक तंत्र की तरह इस्तेमाल करने के लिए प्रायः सभी वरिष्ठ राजनेता पत्रकारिता से जुड़े और उजली परंपराएं खड़ी कीं। बालगंगाधर तिलक, महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, महामना मदनमोहन मालवीय, पंडित नेहरू सभी पत्रकार रहे। आजादी के बाद बदलते दौर में पत्रकारिता और राजनीति की राहें अलग-अलग हो गईं, लेकिन सत्ता का आकर्षण बढ़ गया। जनपक्ष, राष्ट्र सेवा की पत्रकारिता अब आजाद भारत में राष्ट्र निर्माण का भाव भरने में

राजनीतिक दलों से संबंधित समाचार पत्रों, पत्रिकाओं के अलावा मुख्यधारा की पत्रकारिता से भी लोग राजनीति में आए, जिसमें सबसे खास नाम श्री अटल बिहारी वाजपेयी का है, जो वीर अर्जुन जैसे दैनिक अखबार के संपादक रहे। इसके साथ ही वे स्वदेश, पांचजन्य और राष्ट्रधर्म के भी संपादक रह चुके थे। वह जहां संसदीय राजनीति के लंबे अनुभव के साथ प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भी रहे, तो वहीं भाजपा के वह संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। उप प्रधानमंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी भी हिंदुस्तान समाचार और ऑर्गनाइजर से जुड़े रहे, फिर राजनीति में आए।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे द्वारिका प्रसाद मिश्र दैनिक लोकमत, साप्ताहिक सारथी और श्री शारदा के संपादक के रूप में ख्याति प्राप्त हुए। विंध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शंभूनाथ शुक्ल बाद में बने मध्यप्रदेश में मंत्री और सांसद रहे। विशाल भारत के संपादक रहे बनारसी दास चतुर्वेदी दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। गणेश शंकर विद्यार्थी के शिष्य रहे बालकृष्ण शर्मा नवीन प्रताप के संपादक रहे और कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। महाराष्ट्र का दर्डा परिवार राजनीति में अग्रणी रहा। लोकमत समाचार के संस्थापक जवाहरलाल दर्डा, राजेन्द्र दर्डा और विजय दर्डा सांसद, विधायक और मंत्री रहे। विजया कर्नाटक और कन्नड़ प्रभा अखबार से जुड़े रहे प्रताप सिम्हा भाजपा से दो बार लोकसभा पहुंचे। उनका नाम चर्चा में तब आया, जब उनके द्वारा अनुमोदित विजिटर पास से दो युवकों ने नई संसद में पहुंच कर हंगामा किया।

कांग्रेस ने राजीव शुक्ला, प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी, कुमार केतकर, विजय दर्डा आदि को राज्यसभा से नवाजा। राजीव शुक्ला मनमोहन सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। वरिष्ठ पत्रकार संजय निरुपम लोकसभा पहुंचे और मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। सामना के संपादक संजय राऊत अपने धारदार बयानों के लिए लोकप्रिय हैं, वे भी राज्यसभा सदस्य हैं। जनता दल (यू) ने प्रभात खबर के संपादक रहे हरिवंश को दो बार राज्यसभा भेजा, वह इन दिनों राज्यसभा के उपसभापति भी हैं। ऑर्गनाइजर के संपादक रहे श्री के.आर.मलकानी बाद में राज्यसभा पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी ने चंदन मित्रा, दीनानाथ मिश्र, बलबीर पुंज, राजनाथ सिंह सूर्य, नरेन्द्र मोहन, प्रभात झा, तरुण विजय, स्वप्नदास गुप्ता को राज्यसभा भेजा। इनमें मित्रा बाद में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए, जबकि पुंज और झा पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। प्रभात झा मध्यप्रदेश भाजपा के चर्चित अध्यक्ष भी रहे। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों में रह चुके वरिष्ठ पत्रकार एमजे अकबर किशनगंज से कांग्रेस से लोकसभा पहुंचे। बाद में भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा और विदेश राज्य मंत्री बनाया।

# मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी चौधरी कृष्णपाल गुर्जर को जिता नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करने का किया आह्वान

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विजय संकल्प रैली को सम्बोधित करते हुए फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के लिए चुनावी समर्थन की अपील की। इस दौरान सीएम नायब सैनी ने कांग्रेस पार्टी और INDIA गठबंधन पर भी जमकर हमला बोला। सीएम सैनी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की ईडी द्वारा हुई गिरफ्तारी को लेकर कहा की जब ईडी द्वारा उन्हें बार बार बुलाया गया और उन्हें कहा गया लेकिन वो नहीं गए। ईडी का पूछने का अधिकार है अब यह तो हैं नहीं की आँखें बंद करे बैठे हैं अगर घोटालों का पैसा उनका पास आया है तो बताना चाहिए था क्यों जेल जाते लेकिन वह तो घोटालों में कांग्रेस से भी ऊपर हैं। उनका ईमानदारी का चोला उत्तर चूका है। यहां यह भी बताना जरूरी है की पलवल में आयोजित विजय संकल्प रैली में सीएम के सम्बोधन के दौरान पंडाल में कुर्सिया खली पड़ी रही जिससे भाजपा के 400 पार के नारे पर कहीं न कहीं प्रश्न चिन्ह लगता नजर आ रहा है।



सीएम नायब सैनी ने फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में व्यापारियों को फ़ोन कर मांगी जा रही फिरौतिओं और जान से मारने की धमकी देने वालों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा की ऐसे लोगों को दो टूक है या तो इस तरह धमकी देने वाले सुधर जाएं अन्यथा ऐसा इलाज कर देंगे की वो याद करेंगे की हमारे साथ हुआ क्या है में उनसे कह रहा हूँ या तो सुधर जाएँ अब सुधार करने का समय भी आ गया है। रोहतक सिरसा हिसार में हो रहे भाजपा प्रत्याशियों के विरोध पर उन्होंने कहा की कांग्रेस द्वारा पुराणी वीडियोस को वाइरल किया जा रहा है जिनमें भाजपा के प्रत्याशी भी नहीं है। भूपेंद्र हुड्डा के जेल जाने को लेकर उन्होंने कहा की यह कानून का विषय है जिसने गलत काम किया है उसके साथ कानून अपना काम करेगा। सीएम नायब सैनी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश के जिन किसानों की फसलें खराब हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा जल्द ही मुआवजा प्रदान किया जाएगा। मुआवजे की राशी किसानों के सीधे खाते में जमा कराई जाएगी। किसानों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सीएम नायब सैनी आज पलवल विधानसभा क्षेत्र में विजय संकल्प रैली में लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रैली को संबोधित करते हुए लोगों को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की संस्कृति और विरासत अमूल्य है। लेकिन पिछली सरकारों में हमारी संस्कृति और नैतिक मूल्य विलुप्त हो रहे थे लेकिन भाजपा सरकार ने दोबारा से भारतीय संस्कृति को स्थापित करने का कार्य किया है। हमें अपनी संस्कृति और संस्कार पर गौरव महसूस होता है। यह गौरव देने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। भाजपा ने केदारनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिरों का जीर्णोद्धार किया। सोमनाथ और उज्जैन में कॉरिडोर बनाने का कार्य किया गया। हरियाणा प्रदेश में कुरुक्षेत्र की भूमि पर जहां भगवान श्री कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया उस क्षेत्र का जीर्णोद्धार करने का कार्य सरकार द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण भाजपा के शासन में हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में विकास नए आयाम स्थापित किए है। भाजपा सरकार लोगों के हित में कार्य करने वाली सरकार है। देश को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने वाली सरकार है। पलवल जिले में पिछले 10 वर्षों में काफी विकास किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में लोगों को गैस के सिलेंडर लेने के लिए कई दिनों तक लाइनों में खड़ा होना पड़ता था। लेकिन भाजपा की सरकार ने देश भर में महिलाओं को धुएं से निजात दिलाते हुए गैस का कनेक्शन और सिलेंडर देने का कार्य किया है। भाजपा ने हर घर नल से जल योजना शुरू कर लोगों को पीने का स्वच्छ जल प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग देश की जनता का गुमराह करने का कार्य कर रहे है। कांग्रेस पार्टी ने देश के अन्नदाता के साथ अन्याय किया था। कांग्रेस के समय में मात्र 28 हजार करोड़ रुपए का कृषि बजट था जबकि मोदी के राज में 1 लाख 28 हजार करोड़ रुपए का बजट दिया गया है। भाजपा सरकार ने किसानों को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में किसानों को मुआवजे के नाम पर दो रुपए और पांच रुपए के चेक दिए जाते थे। लेकिन भाजपा के राज में किसानों को फसलों का उचित मुआवजा दिया गया। सरकार ने किसानों के हित में फैसले लेते हुए किसान सम्मान निधि योजना चलाई।

सीएम नायब सैनी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश के जिन किसानों की फसलें खराब हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा जल्द ही मुआवजा प्रदान किया जाएगा। मुआवजे की राशी किसानों के सीधे खाते में जमा कराई जाएगी। किसानों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में व्याप्त समस्याओं का समाधान किया है। भाजपा सरकार में धारा 370 हटाई गई। कांग्रेस पार्टी लोगों को डरा कर वोट लेने का काम करती थी। भाजपा ने देश के अंदर एक संविधान,एक निशान और एक प्रधान बनाने का कार्य किया है। भारत को मजबूती के साथ एक बनाने का कार्य मोदी सरकार ने किया है। कांग्रेस पार्टी लोगों का शोषण करने का कार्य करती है। कांग्रेस के युवराज जेएनयू में जाकर युवाओं को बरगलाने का कार्य किया। ऐसे हाथों में देश सुरक्षित नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। भाजपा ने महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया है। युवाओं को रोजगार देने का कार्य किया गया है। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया गया है। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर 10 लाख वोटों से जीत हासिल कर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करेगें। इस अवसर पर फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक दीपक मंगला सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

पलवल में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विजय संकल्प रैली को सम्बोधित करते हुए फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के लिए चुनावी समर्थन की अपील की। इस दौरान सीएम नायब सैनी ने कांग्रेस पार्टी और INDIA गठबंधन पर भी जमकर हमला बोला। सीएम सैनी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की ईडी द्वारा हुई गिरफ्तारी को लेकर कहा की जब ईडी द्वारा उन्हें बार बार बुलाया गया और उन्हें कहा गया लेकिन वो नहीं गए। ईडी का पूछने का अधिकार है अब यह तो हैं नहीं की आँखें बंद करे बैठे हैं अगर घोटालों का पैसा उनका पास आया है तो बताना चाहिए था क्यों जेल जाते लेकिन वह तो घोटालों में कांग्रेस से भी ऊपर हैं। सीएम नायब सैनी ने फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में व्यापारियों को फ़ोन कर मांगी जा रही फिरौतिओं और जान से मारने की धमकी देने वालों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा की ऐसे लोगों को दो टूक है या तो इस तरह धमकी देने वाले सुधर जाएं अन्यथा ऐसा इलाज कर देंगे की वो याद करेंगे की हमारे साथ हुआ क्या है में उनसे कह रहा हूँ या तो सुधर जाएँ अब सुधार करने का समय भी आ गया है। रोहतक सिरसा हिसार में हो रहे भाजपा प्रत्याशियों के विरोध पर उन्होंने कहा की कांग्रेस द्वारा पुराणी वीडियोस को वाइरल किया जा रहा है जिनमें भाजपा के प्रत्याशी भी नहीं है। भूपेंद्र हुड्डा के जेल जाने को लेकर उन्होंने कहा की यह कानून का विषय है जिसने गलत काम किया है उसके साथ कानून अपना काम करेगा। सीएम नायब सैनी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश के जिन किसानों की फसलें खराब हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा जल्द ही मुआवजा प्रदान किया जाएगा। मुआवजे की राशी किसानों के सीधे खाते में जमा कराई जाएगी। किसानों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सीएम नायब सैनी आज पलवल विधानसभा क्षेत्र में विजय संकल्प रैली में लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रैली को संबोधित करते हुए लोगों को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की संस्कृति और विरासत अमूल्य है। लेकिन पिछली सरकारों में हमारी संस्कृति और नैतिक मूल्य विलुप्त हो रहे थे लेकिन भाजपा सरकार ने दोबारा से भारतीय संस्कृति को स्थापित करने का कार्य किया है। हमें अपनी संस्कृति और संस्कार पर गौरव महसूस होता है। यह गौरव देने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। भाजपा ने केदारनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिरों का जीर्णोद्धार किया। सोमनाथ और उज्जैन में कॉरिडोर बनाने का कार्य किया गया। हरियाणा प्रदेश में कुरुक्षेत्र की भूमि पर जहां भगवान श्री कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया उस क्षेत्र का जीर्णोद्धार करने का कार्य सरकार द्वारा किया गया।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण भाजपा के शासन में हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में विकास नए आयाम स्थापित किए है। भाजपा सरकार लोगों के हित में कार्य करने वाली सरकार है। देश को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने वाली सरकार है। पलवल जिले में पिछले 10 वर्षों में काफी विकास किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में लोगों को गैस के सिलेंडर लेने के लिए कई दिनों तक लाइनों में खड़ा होना पड़ता था। लेकिन भाजपा की सरकार ने देश भर में महिलाओं को धुएं से निजात दिलाते हुए गैस का कनेक्शन और सिलेंडर देने का कार्य किया है। भाजपा ने हर घर नल से जल योजना शुरू कर लोगों को पीने का स्वच्छ जल प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग देश की जनता का गुमराह करने का कार्य कर रहे है। कांग्रेस पार्टी ने देश के अन्नदाता के साथ अन्याय किया था। कांग्रेस के समय में मात्र 28 हजार करोड़ रुपए का कृषि बजट था जबकि मोदी के राज में 1 लाख 28 हजार करोड़ रुपए का बजट दिया गया है। भाजपा सरकार ने किसानों को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में किसानों को मुआवजे के नाम पर दो रुपए और पांच रुपए के चेक दिए जाते थे। लेकिन भाजपा के राज में किसानों को फसलों का उचित मुआवजा दिया गया। सरकार ने किसानों के हित में फैसले लेते हुए किसान सम्मान निधि योजना चलाई। सीएम नायब सैनी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश के जिन किसानों की फसलें खराब हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा जल्द ही मुआवजा प्रदान किया जाएगा। मुआवजे की राशी किसानों के सीधे खाते में जमा कराई जाएगी। किसानों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में व्याप्त समस्याओं का समाधान किया है। भाजपा सरकार में धारा 370 हटाई गई। कांग्रेस पार्टी लोगों को डरा कर वोट लेने का काम करती थी। भाजपा ने देश के अंदर एक संविधान,एक निशान और एक प्रधान बनाने का कार्य किया है। भारत को मजबूती के साथ एक बनाने का कार्य मोदी सरकार ने किया है। कांग्रेस पार्टी लोगों का शोषण करने का कार्य करती है। कांग्रेस के युवराज जेएनयू में जाकर युवाओं को बरगलाने का कार्य किया। ऐसे हाथों में देश सुरक्षित नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। भाजपा ने महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया है। युवाओं को रोजगार देने का कार्य किया गया है। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया गया है। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर 10 लाख वोटों से जीत हासिल कर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करेगें। इस अवसर पर फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक दीपक मंगला सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 23 को धूमधाम से मनाया जाएगा श्री हनुमानजी जन्मोत्सव

**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** श्री हनुमान मंदिर सेवा समिति महावीर कॉलोनी बल्लभगढ़ व भगवान श्री सीताराम जी एवं नगर के सभी भक्त जनों द्वारा 23-4-2024 मंगलवार को श्री हनुमानजी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी ठाकुर श्री हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव सभी भक्तों के परम सहयोग से आस्था भाव के साथ विशेष रूप से मनाया जा रहा है। जिसमें श्री हनुमान जी महाराज के लिए भगवान श्री सीतारामजी की विशेष कृपा एवम छत्र छाया में आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद जी के भरपूर प्रयास व भगवान श्री सीताराम जी समिति एवं सभी नगर वासियो व सभी भक्तजनों के विशेष सहयोग से एक किलो चांदी का छत्र धारण कराया जा रहा है जिसमें 22 अप्रैल प्रातः 9 बजे चाँदी के छत्र की शोभायात्रा बैंड बाजे, डी.जे. व भगवान श्री राम परिवार की झांकी के साथ धूमधाम से श्री भगवत नागर (पार्षद)वाली गली नियर मुरारी का अखाड़ा आदर्श नगर से प्रारंभ होकर मुकेश कालोनी, मोहना रोड,मलेरना रोड एवम महावीर कालोनी से होते हुए श्री हनुमान जी मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। 23 अप्रैल श्री हनुमान मंदिर महावीर कालोनी प्रांगण में प्रातः 9 बजे संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ किया जाएगा तत्पश्चात श्री हनुमान जी महाराज को सभी भक्तों के द्वारा चाँदी का छत्र धारण कराया जायेगा उसके बाद हवन,आरती एवम विशाल भंडारे प्रसाद का आयोजन किया जायेगा।

# पुलिस ने जीएल स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र सिंह लोढ़ा को बव्वा से किया गिरफ्तार



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** पिछले बृहस्पतिवार को उन्हानी के पास हुए जीएल स्कूल बस सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने स्कूल के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह लोधा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशानुसार डीएसपी मोहिंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित सीआईए टीम लगातार दबिश दे रही थी। आरोपी को सीडीआर लोकेशन आधार पर समीपवर्ती गांव बव्वा से गिरफ्तार किया है जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है पुलिस टीम ने बस चालक धर्मेंद्र का लाइसेंस रद्द कराने के लिए आरटीए विभाग को लिखा है। साथ ही स्कूल प्रिंसिपल और स्कूल सचिव से पूछताछ में संबंधित कागजात बरामद कर जब्त किए हैं।

# रोड सेफ्टी को लेकर कनीना में लोक निर्माण विभाग की ओर से बनाए गए स्पीड ब्रेकर

## चौराहों पर रैड बत्ती लगाने पर भी किया जा रहा विचार

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-दादरी सडक मार्ग पर पिछले सप्ताह हुए स्कूल बस सड़क दुर्घटना के बाद जिला प्रशासन की ओर से रोड सेफ्टि की दिशा में कार्य शुरू किया गया है। जिसके चलते दुर्घटना संभावित प्वाईंट चिनहित कर सडक पर स्पीड ब्रेकर कनीना गए गए हैं। डीसी मोनिका गुप्ता के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने जिले के मुख्य सडक मार्गों एवं स्टेट हाईवे पर बुधवार को गति अवरोधक लगाने का कार्य किया है। कनीना में सिटी पुलिस थाना के सामने, दादरी मोड, रेवाड़ी मोड,अटेली व नारनौल मोड सहित अनेक जगह स्पीड ब्रेकर लगाए हैं। कनीना के डीएसपी महेंद्र सिंह ने बताया कि उनके अधीनस्थ क्षेत्र में किसी भी स्थान पर दुर्घटना होने पर मौका निरीक्षण किया जाता है और वहां पर दुर्घटना के कारणों का पता लगाकर उनके समाधान पर फोकस किया जाता है। इतना ही नहीं दुर्घटना संभावित क्षेत्र को चिनहित कर वहां सुरक्षा के उचित इंतजाम किए जाते हैं।

कनीना-सिहोर दादरी सडक मार्ग पर नहर के दानों और संकेतक लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी मुख्य चैराहे पर यातायात नियंत्रण के लिए रैड बत्ती का नहीं होना गंभीर विषय है,उनकी ओर से अधिकारियों के सामने ये सुझाव दिया जा चुका है। कनीना-महेंद्रगढ़ मार्ग पर बूचावास के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी के पास भी सर्कल और बत्ती नहीं होने से लगातार दुर्घटनाओं के अंदेशा बना रहता है। रोड सेफ्टि की बैठक में भी इन पहलुओं को रखा गया है जिन पर विचार किया जा रहा है।







BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

# रामनवमी पर रामेश्वरदास मंदिर में आयोजित हुआ धार्मिक मेला

**मंदिर ट्रस्ट की ओर से लगाया गया विशाल भंडारा**

**चैत्र नवरात्र के दौरान दूर-दराज आए लाखों श्रधालुओं ने किए दर्शन**

**सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मचारियों ने संभाला मोर्चा**





**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** उत्तर भारत के प्रसिद्व रामेश्वरदास मंदिर ब्राह्मणवास नो में बुधवार को रामनवमी के उपलक्ष्य में धार्मिक मेले व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा,राजस्थान,हैदराबाद,दिल्ली, छत्तीसगढ सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रधालुओं ने हिस्सा लिया। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान सुरेश केडिया ने बताया कि चैत्र नवरात्र के दौरान लगातार 9 दिन तक यहां पर हवन-पूजन सहित धार्मिक अनुष्ठान चला। जिसमें लाखों श्रधालुओं ने महाराज रामेश्वरदास मंदिर के दर्शन कर मनोति मांगी। दूर-दराज से आने वाले भक्तों को मंदिर ट्रस्ट की ओर से प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि देशभर में यह पहला मंदिर जहां जहां रूपया-पैसा चढाने की मनाही की गई है। माना जाता है कि महाराज रामेश्वरदास के तीन सूत्र थे जिनमें से पहला जीव की सवारी नहीं करने का संदेश देते थे, दूसरा रूपये-पैसे से कोई मोह नहीं था तीसरा समाज के धन्नासेठों की बजाए भगवान से समृधि की कामना करते थे। रूपये-पैसे न चढाने के लिए मंदिर की दीवारों पर बडे अक्षरों में लिखवाया गया है। मंदिर ट्रस्ट के अंतर्गत 300 बीघा जमींन है जिसमें से 11 बीघा भूमि पर भव्य मंदिर, कीर्तन हॉल, गौशाला, अन्नपूर्णा क्षेत्र, तस्वीरें तथा भंडार गृह बनाए गए हैं,20 बीघा में गायों के लिए हरा चारा उगाया जाता है, शेष भूमि बंजर के रूप में है। पानी की किल्लत होने के वजह से खेती करना संभव नहीं है। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान सुरेश केडिया ने बताया कि हरियाणा व राजस्थान की सीमा से सटे इस प्रसिद्य मंदिर में वर्षभर में अनेक समारोह का आयोजन किया जाता है। रामनवमी के अलावा, गुरूपूर्णिमा, मार्गशीर्ष माह की कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि को महाराज की पुण्यतिथि,गोवर्धन पर्व,जन्माष्टमी पर्व पर विशाल समारोह का आयोजन किया जाता है। प्रत्येक वर्ष सावन माह में भगवान शंकर का अभिषेक किया जाता है। समारोह में सुरक्षा को लेकर हरियाणा पुलिस के निजामपुर चैकी तथा पुलिस लाईन से पुलिस कर्मचारियों को तैनात किया जाता है। उन्होंने बताया कि मंदिर के प्रति श्रधालुओं की अगाध आस्था है। भक्तों के दर्शन के लिए मंदिर प्रतिदिन सुबह 4 बजे से रात्री 8 बजे तक खुला रहता है। मंदिर में आयोजित समारोह में मामचंद शास्त्री, सागरमल शर्मा, पंडित फांउडेशन के प्रधान हनुमान भारद्वाज,लक्ष्मण शास्त्री, जयराम भंडारी, रमेशचंद चंदेला, महाराज भातादास सहित अन्य मोजिजान नागरिकों का सहयोग रहा।

**श्रद्धालुओं ने रोडवेज बस के संचालन तथा सडक मार्ग के चोडीकरण की मांग उठाई**

निजामपुर-खेतडी सडक मार्ग टीबा बसई से रामेश्वरदास मंदिर की दूरी करीब 3 किलोमीटर है। यहां तक बनाई गई लिंक मार्ग सडक जगह-जगह से खंडित हुई पडी है। नारनौल से आजमाबाद मोखुता तक रोडवेज की बस संचालित होती थी जिसके नहीं चलने से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है। श्रधालुओं ने रोडवेज महाप्रबंधक नारनौल से इस रूट पर प्रतिदिन सुचारू रूप से बसों का संचालन करने की मांग की है। इसके अलावा भक्तों की बढती संख्या को देखते हुए डिवाईडर के साथ सडक को 10 मीटर चैडा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मंदिर को और अधिक भव्य रूप प्रदान करने के लिए हरियाणा तथा राजस्थान सरकार की ओर से सहयोग की जरूरत है। इस मौके पर बिमला देवी, कमलेश वशिष्ठ,सुनील कुमार, संजय शर्मा,रजत,मयंक, साक्षी, कशिश सहित प्रबुध नागरिक हाजिर थे।

# 5 दिन के रिमांड में पुलिस को मिले अहम दस्तावेज

**एसडीजेएम कोर्ट ने भेजा 26 तक न्यायिक हिरासत में**

**अभी तक 7 आरोपियों को किया जा चुका है काबू**

**चेयरमैन व एमडी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दे रही दबिश**



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सिटी थाना पुलिस ने स्कूल बस हादसे में लापरवाही बरतने के आरोपी प्रिंसिपल दीप्ति यादव व जीएल शिक्षा समिति के सचिव होशियार सिंह को 5 दिन के पुलिस रिमांड के बाद बुधवार को दुबारा एसडीजेएम कोर्ट कनीना में पेश किया। पुलिस ने इन दोनो आरोपियों को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। रिमांड के दौरान पुलिस ने स्कूल बस का रिकार्ड,सीडीआर आदि कब्जे में ली है वहीं कुछ और अहम दस्तावेज बरामद किए हैं। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को आगामी 26 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है। डीएसपी महेंद्र सिंह ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने बस के चालक धर्मेंद्र सेहलंग व उसके चार साथियो हरीश, संदीप,भूदेव व नरेश को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिन्होंने हादसे से कुछ समय पूर्व एकसाथ शराब का नशा किया था। उन्होंने बताया कि दीप्ति राव व होशियार सिंह के बताए गए स्थानों पर सीआईए टीम ने छापेमारी की लेकिन वे नहीं मिले। गणेशी लाल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र सिंह लोढ़ा व एमडी सुभाष लोढा की गिरफतारी के लिए पुलिस टीमें उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जेजेपी लोकसभा प्रत्याशी बने मशहूर सिंगर राहुल यादव फाजिलपुरिया, जेजेपी लहराऐगी झंडाः प्रदेश प्रवक्ता राहुल जैन

**गुरुग्राम लोकसभा प्रत्याशी हरियाणा के अलावा राजस्थान चुनाव में भी कर चुके पार्टी का प्रचार-प्रसार**

**प्रत्याशी की घोषणा के बाद गुड़गांव लोकसभा युवा वर्ग व मेवात के कार्यकर्ताओं में छाई खुशी**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** लोकसभा चुनाव को लेकर जेजेपी ने उम्मीदवारों की प्रथम सूची जारी की जिसमें जेजेपी ने पहली लिस्ट में पांच मजबूत प्रत्याशियों की घोषणा की गई। सिरसा लोकसभा से पूर्व विधायक रमेश खटक, हिसार से विधायक नैना सिंह चौटाला, भिवानी-महेंद्रगढ़ से पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, फरीदाबाद में जेजेपी के युवा नेता नलिन हुड्डा, गुरुग्राम से मशहूर कलाकार राहुल यादव फाजिलपुरिया को उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में उतारा है। जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन बताया कि गुरुग्राम लोकसभा के मजबूत प्रत्याशी राहुल यादव फाजिलपुरिया बॉलीवुड के स्टार सिंगर हैं। वे गुरूग्राम के एक छोटे-से गांव फाजिलपुर झाड़सा से निकल कर बड़े पर्दे पर छाए है। वे निरंतर जेजेपी में सक्रिय तौर पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने हरियाणा के अलावा राजस्थान विधानसभा चुनाव में भी पार्टी प्रचार प्रसार किया। जेजेपी पार्टी का मशहूर गाना जेजेपी आई रे जेजेपी आई रे इन्हीं के द्वारा गाया हुआ है,जिसने पूरे हरियाणा में धूम मचाई। ये युवा वर्ग में भी विशेष तौर पर बहुत लोकप्रिय है। प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन बताया कि लोकसभा चुनाव जेजेपी पार्टी मजबूती के साथ लड़ेगी जिजेपी नेता दुष्यंत चौटाला द्वारा उपमुख्यमंत्री रहते हुए हरियाणा के प्रत्येक क्षेत्र के विकास और हर वर्ग के कल्याण के किए गए। इन कार्य के दम पर हम लोगों के दिलों में जगह बनाएंगे। जनता भारी बहुमत प्रदान कर जननायक जनता पार्टी को मजबूत बनाएगी। उन्होंने बताया कि राहुल फाजिलपुरिया को लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर लोकसभा प्रभारी व हरियाणा हज कमेटी के चैयरमैन मोहसिन चौधरी, राष्ट्रीय प्रचार सचिव दलबीर धनकड, वरिष्ठ नेता ऋषिराज राणा, अल्पसंख्यक प्रदेश प्रभारी बदरुद्दीन, मेवात प्रभारी योगेश हिलालपुरिया, नूंह जिलाध्यक्ष जान मोहम्मद, युवा जिलाध्यक्ष वसीम अहमद, जिला प्रवक्ता नासिर हुसैन, नूंह हल्का प्रधान आस मोहम्मद, पुन्हाना हल्का प्रधान अल्पसंख्यक जिला प्रधान आरिफ तेड, पूर्व प्रधान शिराजुद्दीन सिराज, पूर्व प्रधान शमसुद्दीन गूमल, प्रदेश सचिव नसीम खान, प्रदेश युवा महासचिव लुकमान खान, युवा सहसचिव साकिर युवा हलका प्रधान डॉक्टर जावेद जोगीपुर, मुनफैद खान, इकबाल दूलौत, सद्दाम, आफताब खान, सहित अनेक पदाधिकारी व समर्थकों ने खुशी जाहिर की है।

# नगीना में भगवान श्रीराम प्रभु का जन्मोत्सव पूर्ण श्रद्धा, आस्था, उमंग, उत्साह के साथ मनाया

**नगीना में रामनवमी के शुभावसर पर देश मे सर्वमंगल सर्वकार्येषु के लिए की विशेष प्रार्थना**

**भगवान श्रीराम प्रभु के जन्मोत्सव पर किया प्रशाद वितरित**

**भगवान श्रीराम प्रभु के गुणों का किया गुणगान**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नगीना में भगवान श्री राम प्रभु का जन्मोत्सव दिवस चैत्र शुक्ल पक्ष रामनवमी पूर्ण श्रद्धा,आस्था, निष्ठा,लग्न,उमंग,उत्साह, भक्ति भाव के साथ मनाया गया। उक्त जानकारी सर्वजातीय सेवा समिति की उपाध्याय व समाजसेवी रजत जैन ने देते हुए बताया की रामनवमी के उपलक्ष में श्री सीताराम मंदिर नगीना में देश में सर्वमंगलं सर्व कार्येषु के उद्देश्य के निमित्त सीताराम मंदिर के पुजारी यज्ञदत्त शर्मा के परम पावन सानिध्य में शंखों, घंटा घड़ियालो की मधुर ध्वनियों ,व विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूरी निष्ठा आस्था श्रद्धा लग्न के साथ माता जानकी भगवान श्री राम प्रभु की विशेष आरती ,पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। समाजसेवी रजत जैन नगीना ने कहा की भगवान श्री राम प्रभु ने समाज में नैतिक ,धार्मिक ,सामाजिक व्यवस्था की सर्वोत्तम आदर्शों की स्थापना कर समाज को एक नई दिशा प्रदान की। उनके द्वारा स्थापित सामाजिक व धार्मिक व्यवस्था प्रत्येक प्राणी मात्र के जीवन के सद्मार्ग के पथ पर चलने के लिए सदैव अत्यंत आवश्यक है। उनके द्वारा दिखाया गया सद्मार्ग प्राणी मात्र के आध्यातमिक व सामाजिक कल्याण का पथ हैं। रजत ने कहा कि श्री राम प्रभु असंख्य अनंत गुणों का अपार भंडार है जिनकी गणना करना संभव ही नहीं असंभव है। जैन ने सभी से अपील की वे सभी भगवान श्री राम प्रभु के द्वारा स्थापित आदर्शों को अपने जीवन में अनुसरण करने का संकल्प लेकर उनके द्वारा दिखाए गए आदर्शों पर आगे बढ़े।

सभी ने भगवान श्री राम प्रभु के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। प्रसाद भी वितरित किया गया। जय श्रीराम के जयघोषों से गुंजायमान होकर सारा वातावरण राममय हो गया। प्रसाद भी वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रजत जैन ने किया। इसके अलावा श्री प्राचीन शिव मंदिर अस्थल ,श्री शीतला माता मंदिर ,श्री हनुमान मंगल मंदिर ,श्री दुर्गा माता मंदिर, श्री शिव मंदिर बगीची, श्री राधा कृष्ण मंदिर ,आदि मंदिरों में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मंदिर के पुजारी यज्ञदत्तशर्मा, ब्रह्मदत्त शर्मा, वयोवृद्ध पुरोधा पंडित जगन शर्मा, गोविंद दुबे, महेंद्र गोयल शिक्षाविद् को हनुमान चालीसा व राम के जीवन के चरित्र से संबंधित पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पुजारी ब्रह्मदत्त शर्मा, पंडित जगन शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता नितिन दुबे, गोविंद दुबे, समाजसेवी जसवंत सोनी, रोमी जैन, महेंद्र गोयल, शिक्षाविद् रोहित शर्मा, नेम चंद गोयल, रोहित जैन, ऋतिक आर्य, चिराग, सचिन जैन, राजू सोनी, जैन समाज नगीना के पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन, प्रियांश जैन, ओमकार साहू, हेमराज जैन,योगेश शर्मा, दिनेश सैनी, मुरारी सैनी चमन सैनी, अरिहंत जैन, चंचल शर्मा पुष्पा शर्मा, आदि मातृशक्ति भी उपस्थित रही।

## अवैध हथियार धारकों के 2 अलग-अलग मामलों में एक आरोपी धरा

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**




**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल नरेंद्र एवं रिंकू ने थाना होडल क्षेत्र अंतर्गत गढ़ी मोड पर नाकाबंदी कर गाड़ी स्विफ्ट सवार गांव स्यारोली निवासी आरोपी को नाकाबंदी कर एक देसी कट्टा अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।आरोपियों से एक देसी कट्टा, एक पिस्टल एवं 2 कारतूस बरामद। वहीं दूसरे मामले में हथीन क्राइम ब्रांच प्रभारी उप निरीक्षक दीपक गुलिया की टीम में तैनात सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने थाना सदर क्षेत्र अंतर्गत रजपुरा रतीपुर रोड नजदीक गाव रजपुरा पर नाका बन्दी कर गाडी न. HR-30V-3805 मार्का बलैनो सवार रजपुरा निवासी आरोपी की उक्त गाडी से एक पिस्टल व मैगजीन मे 2 जिन्दा रोंद बरामद किए जबकि आरोपी मौका से फरार हो गया जो जल्द ही पुलिस गिरफ्त में होगा। उपरोक्त मामलों में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम एवं आईपीसी के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।






# लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पूरी तत्परता से जुट जाए कांग्रेस कार्यकर्ता : भूपेंद्र हुड्डा

## लखन सिंगला बनाए गए हरियाणा कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के चेयरमैन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। आज अपनी नियुक्ति पर श्री सिंगला अपने साथिया सहित दिल्ली स्थित पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के निवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने भूपेंद्र हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का मिठाई खिलाकर एवं बड़ी माला पहनाकर उनका स्वागत करते हुए उनका आभार जताया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, भूपेंद्र हुड्डा जिंदाबाद, उदयभान जिंदाबाद के नारे लगाकर पूरे माहौल को कांग्रेसमय कर दिया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि पार्टी में प्रकोष्ठ रीढ़ की हड्डी होते है, प्रकोष्ठों के माध्यम से जहां लोग पार्टी से जुड़ते है वहीं यह पार्टी के प्रचार-प्रसार का भी एक अभिन्न अंग होते है और जिन प्रकोष्ठों पर नई नियुक्तियां की गई है, उससे हरियाणा में पार्टी को और मजबूती मिलेगी। श्री हुड्डा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है इसलिए कार्यकर्ता पूरी तत्परता से जुट जाए और जल्द ही फरीदाबाद सहित हरियाणा के सभी लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा हो जाएगी और उन्हें जिताने के लिए दिन-रात



एक कर दे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान ने कहा कि आज हर वर्ग भाजपा की नीतियों से त्रस्त आ चुका है, महंगाई और भ्रष्टाचार ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है और जनता अब इस गूंगी बहरी सरकार को वोट की चोट से जवाब देने का मन बना चुकी है। उन्होंने लखन सिंगला की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह पिछले 30 सालों से कांग्रेस पार्टी से मजबूत स्तम्भ की तरह जुड़े हुए है और व्यापार प्रकोष्ठ की जिम्मेवारी मिलने से वह प्रदेश के सभी व्यापारियों को एकजुट करके कांग्रेस के साथ जोडने. का काम करेंगे। इस अवसर पर नवनियुक्त कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के चेयरमैन लखन सिंगला ने अपनी नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र हुड्डा, प्रभारी दीपक बावरिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित सभी शीर्ष कांग्रेसजनों का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गई है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाते हुए व्यापारियों को संगठित करके कांग्रेस पार्टी से जोडने. का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में हुई नोटबंदी और जीएसटी ने व्यापारियों की कमर तोडक़र रख दी है, उनके व्यापार चौपट हो गए है, रही सही कसर लचर कानून व्यवस्था ने पूरी कर दी है, आज व्यापारी भय के साए में जी रहा है, कभी उसके साथ लूटपाट हो जाती है तो कभी डकैती का शिकार हो जाता है, लेकिन सरकार पूरी तरह से पंगु बनी हुई है। श्री सिंगला ने कहा कि व्यापारियों के हितों की आवाज को कांग्रेस पार्टी पूरी तत्परता से उठाएगी और उनके हकों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. उदयभान, विधायक राव दान सिंह, डा. के.वी. सिंह, कांग्रेसी नेता कुंवर बालू सिह, पूर्व चेयरमैन डालचंद डागर, अजय कत्याल, विनीत गर्ग, लाला शर्मा, अशोक मंगला, विजय सिंगला, व्यापार मंडल ओल्ड के अध्यक्ष बोधराज मक्कड, खेडी रोड व्यापार मंडल प्रधान दिनेश नागर, युवराज गुप्ता, बल्लू जैन, अजब सिंह नागर, सूरज ढेडा, संतलाल यादव, योगेंद्र गर्ग, गुलाब सिंह गुड्डू, खुशबू खान, सुदेश यादव हरिलाल गुप्ता, संजय बिहारी, राकेश राजपूत, चंदर नारंग, रिंकू गोयल, शुभम अरोड़ा, मुकेश गर्ग, मोनू गर्ग, विरेंद्र वशिष्ठ, विकास गोयल, धर्मबीर गुप्ता, नेमचंद गर्ग, कुनाल गर्ग, महेश सिंगला, नितिन सिंगला, प्रियम गर्ग, अमित बंसल, गौरव लूथरा, अमित लूथरा, सुनील यादव, रोहताश प्रधान, सुमित खंडेलवाल, सोनू नागर, जुगल मंगला, बंटी ठाकुर, कर्मबीर खटाना, आसे सरपंच, कर्मचंद गोयल, हर्षित गुप्ता, तरुण सिंगला सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# राम नवमी यज्ञ महोत्सव में हुआ भगवान श्री विष्णु के स्वरूप का वर्णन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** ग्राम भूपानि, सतयुग दर्शन वसुन्धरा में आयोजित राम नवमी यज्ञ महोत्सव के तृतीय दिवस सत्-वस्तु श्री विष्णु भगवान के स्वरूप से परिचित कराते हुए श्री सजन जी ने कहा कि जानो जो विभु होने से सारे विश्व में प्रवेश किए हुए हैं यानि सर्वत्र व्याप्त व विस्तीर्ण हैं वही सत्-वस्तु श्री विष्णु भगवान हैं। .जो सर्वत्र व्यापक होने के साथ-साथ, अप्रतिहत यानि निर्विघ्न/अवरूद्ध गति करने वाले हैं और परम गतिशील, क्रियाशील अथवा उद्यमशील है, वही सर्वशक्तिमान, सर्वज्ञ सत्-वस्तु श्री विष्णु भगवान है। जो सूक्ष्मातिसूक्ष्म होते हुए भी जो विराट् तथा निर्मल ज्ञानस्वरूप है व सबसे निकटतम मूर्त ब्रह्म तथा जगत के अधिष्ठान, अक्षय और अव्यय जगदीश हैं, वही सत्-वस्तु श्री विष्णु भगवान हैं। इस आशय से यह जगत जिनसे उत्पन्न हुआ है, जिनमें स्थित है और जो इसकी स्थिति और लय के कर्त्ता हैं वही सत्-वस्तु श्री विष्णु भगवान है। इस संदर्भ में आगे एक उदाहरण के माध्यम से श्री सजन जी ने सजनों को समझाया कि जिस प्रकार नन्हें से बीज में बड़ा भारी वट वृक्ष रहता है उसी प्रकार प्रलय काल में यह सम्पूर्ण जगत बीज स्वरूप में परब्रह्म परमेश्वर में लीन रहता है। फिर जिस



प्रकार बीज से अंकुर रूप में प्रकट हुआ वट वृक्ष बढक़र अत्यन्त विस्तारवाला हो जाता है उसी प्रकार सृष्टि काल में यह जगत परब्रह्म के उदर से प्रकट होकर फैल जाता है। इस तरह जिस प्रकार केले का पौधा छिलके और पत्तों से अलग दिखाई नहीं देता उसी प्रकार जगत से प्रभु अलग नहीं होते, वह प्रभु में ही स्थित देखा जाता है। मतलब यह कि इस चराचर जगत में चाहे कीड़ी से लेकर हाथी तक व ब्रह्मा से लेकर तृण तक सब वस्तुओं के रूप व नाम अनेक हैं, पर वस्तुत: जनचर-बनचर, जड़-चेतन यानि चराचर जगत में सर्वत्र विष्णु भगवान ही मूर्त्त यानि सर्व एकात्मा के रूप में समरसता से व्याप्त है। विष्णु जी ही कार्य दृष्टि से पृथक रूप और कारण दृष्टि से एकरूप हैं। असल में तो वह आप ही सर्वत्र परिपूर्ण हैं यानि विराट्, स्वराट्, सम्राट्, आदिपुरुष और नाना जीव रूप हैं तथा यह सम्पूर्ण जगत उन्ही का ही स्वरूप है। तत्पश्चात श्री सजन जी ने सतवस्तु श्री विष्धु भगवान के इस धरती पर प्रकट होने का रहस्य प्रगट करते हुए कहा कि जब-जब भी इस धरा से मानवीय मूल्यों व सत्य-धर्म का लोप होता है, तब-तब लीलाधारी, कलाधारी प्रभु ने विभिन्न रूपों में अवतरित होकर, पाप व अधर्म के बोझ तले दबी धरती माता व भक्त जनों को कष्टों से मुक्ति दिलाते हैं और नैतिक व्यवस्था कायम कर सत्य-धर्म की स्थापना करते है। इस तरह वही समय-समय पर पृथ्वी का भार हल्का करने के लिए, संसार में धर्म, शांति और सुख की स्थापना करने के लिए और दुष्टों तथा पापियों का नाश कर संतों की रक्षा करने के लिए अवतार धारण करते हैं।

# राममय भारत, अब दुनिया भी उनके सत्य के मार्ग पर चलने को तैयार : आलोक कुमार

## राम नवमी पर श्रीराम मंदिर के लिए भूमि पूजन समारोह

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** श्रीराम मंदिर के लिए भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया। रामा कृष्णा फाउंडेशन द्वारा संचालित श्री राम मंदिर भूमि पूजन के उपरांत विशाल भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार सुबह महिला शक्ति द्वारा की गई। जिसमें अध्यक्ष आदेश मिश्रा, उपाध्यक्ष सुमन जिंदल, मीता भाटिया, सुनीता अग्रवाल, मंजु बजाज, मीना अग्रवाल, नीतू राजपूत विशेष रूप से शामिल रही। परम पूज्य संत श्री कृष्ण स्वामी जी महाराज ( वृंदावन वाले ) की दिव्य उपस्थिति में समिति की महिलाओं द्वारा शुभ भूमि पूजन कार्य सम्पन्न हुआ। सेक्टर - 9 में श्री राम मंदिर भूमि पूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने अपने उद्बोधन में श्री राम मंदिर की चर्चा की और आज के युग में चरितार्थ होने की ओर विशेष सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व उत्साहित है। समस्त भारत राममय रास्ते पर चल रहा है। आज सारा संसार श्री राम के सत्य के मार्ग पर चलने को तैयार है। फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता ने अपने संबोद्धन में कहा कि मंदिर निर्माण के साथ - साथ सेवा कार्य में



सहयोग तथा अर्थ की कमी नहीं रहती इसी कड़ी में टिपर चंद शर्मा जी ने भी अपने आशीर्वचन में सहयोग का आश्वासन दिया। वृंदावन से पधारे स्वामी कृष्ण स्वामी जी ने भी अपना आशीर्वचन दिया। अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरियाणा प्रांत सम्पर्क प्रमुख श्रीमान गंगाशंकर मिश्र जी ने सभी मेहमानों का धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम में पहुंची शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, पूर्व कैबिनेट मंत्री के भाई एवं वरिष्ठ भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा एवं उपाध्यक्ष भाजपा हरियाणा विपुल गोयल, विधायक नरेंद्र गुप्ता जी, विधायक नयनपाल, अजय गौड़ जी पूर्व राजनीतिक सलाहकार, हरियाणा के मुख्यमंत्री, अन्य अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित विभिन्न क्षेत्रों से प्रबुद्धजन महानुभावों की उपस्थिति से इस कार्यक्रम की भव्यता और महत्व बढ़ गया। प्रदीप बंसल, मुकेश अग्रवाल, मनमोहन गुप्ता, राकेश वशिष्ठ, रोशन लाल बोरड़, राजेश माहेश्वरी, कुलदीप अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। श्री राम मंदिर इस मंदिर भूमि पूजन समारोह में मुख्य ट्रस्टी मे शामिल आदेश मिश्रा, सुमन जिंदल, मीता भाटिया, बलदेव राज भाटिया, श्रीराम अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार शर्मा, गोपाल कृष्ण आहूजा, राजकुमार अग्रवाल, अरुण बजाज, रणवीर चौधरी, राम लाल बोरड़, ए पी शर्मा , एच एस राजपूत की भागीदारी ने श्री रामा कृष्णा फाउंडेशन समारोह को यादगार बनाने के लिए सभी उपस्थित जन, प्रायोजकों, स्वयंसेवकों और मीडिया भागीदारों को उनके समर्थन और योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट ने किया हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पावन रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में आज ओल्ड फरीदाबाद के महावीर नगर स्थित श्री महावीर मंदिर में श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा हवन-यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आरडब्ल्यूए महावीर नगर व समस्त निवासियों का सक्रिय योगदान रहा। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में फरीदाबाद शहर के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने हवन यज्ञ में आहुतियां डालीं। ट्रस्ट की ओर से सेवादार सुनील कुमार व टोनी पहलवान ने सभी अतिथियों का पटका पहनाकर पारंपरिक तरीके से स्वागत सत्कार किया। समारोह में वरिष्ठ अतिथि राजकुमार वोहरा जिला अध्यक्ष भाजपा, संतोष पंडित, राजीव शास्त्री, सुनील कुमार शर्मा, सतपाल चौधरी, धर्मवीर चौधरी, धीरज वधवा, चरण सिंह सैनी, पिंटू सैनी, टीटू मटकेवाला, सोनू शर्मा, केडी शर्मा किशन शर्मा रमेश चौधरी, चंदर दुग्गल, प्रेमवीर सिंह, अजय दुग्गल, बोधराज, किशोर तनेजा एवं शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस मौके पर भक्तगणों ने भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण राममय बना दिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था इसीलिए आज के दिन भगवान राम के जन्मोत्सव को पूरे देश में बड़ी धूमधाम से 'रामनवमी' के त्योहार के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन प्रभु श्रीराम की पूजा करने से जीवन के सभी दुख और संकट दूर हो जाते हैं और प्रभु श्री राम भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं। नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह पहली रामनवमी है, जब अयोध्या के भव्य और दिव्य राम मंदिर में हमारे राम लला विराजमान हो चुके हैं। रामनवमी के इस उत्सव में आज अयोध्या एक अप्रतिम आनंद में है। पांच शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद आज हमें ये रामनवमी अयोध्या में इस तरह मनाने का सौभाग्य मिला है। यह देशवासियों की इतने वर्षों की कठिन तपस्या, त्याग और बलिदान का सुफल है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम भारतीय जनमानस के रोम-रोम में रचे-बसे हैं, अंतर्मन में समाहित हैं। भव्य राम मंदिर की प्रथम रामनवमी का यह अवसर उन असंख्य राम भक्तों और संत-महात्माओं को स्मरण और नमन करने का भी है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राम मंदिर के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। यज्ञ में सभी ये आहुतियां देकर अपने भगवान श्रीराम की आराधना की व यज्ञ समापन उपरांत सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

## वोटर इन क्यू एप से पता चलेगी मतदान केन्द्र पर लाइन की जानकारी

**समाचार गेट ब्यूरो**

**करनाल।** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई वोटर इन क्यू एप के माध्यम से चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी ली जा सकेगी। एप पर जानकारी लेकर मतदाता अपनी सुविधा के अनुसार वोट डालने जा सकेंगे। ऐसे में इस एप से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में भी मदद मिलगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है। आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते है। जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केन्द्र पर जा सकते है। कई बार मतदाता भीड को देखकर बगैर वोट डाले ही वापिस चले जाते है, इस एप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में बताया कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में खड़े हुए हैं। उपायुक्त ने बताया कि इस मोबाइल एप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है।

# हमारी संगत से चरित्र और जीवन तय होता है : स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य

## श्रीराम नवमी पर श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम में निकाली भव्य झांकी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आज श्रीराम नवमी के अवसर पर श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम श्री सिद्धदाता आश्रम में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इससे पूर्व भगवान का सविधि अभिषेक संपन्न हुआ। इस अवसर पर आश्रम के अधिपति जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य ने सभी को श्रीराम जन्मोत्सव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी संगत ही हमारे चरित्र और हमारे जीवन की दिशा को तय करती है। हम जैसे लोगों में रहते हैं वैसे ही हमारे कर्म होने लगते हैं। उन्होंने कहा कि मंथरा ने पहले भी ऐसा कहा होगा, तब कैकेयी ने उसको नहीं टोका। आखिरकार उसने वो किया जिसके कारण भगवान श्रीराम को वनवास काटना पड़ा। स्वामीजी ने कहा कि हमें भगवान से उनकी मर्यादा का गुण प्राप्त करना चाहिए। भगवान ने अपना पूरा जीवन मर्यादा को समर्पित कर हमें बड़ी सीख देने की कोशिश की। हमें विनम्र रहना चाहिए। विनम्रता हमारा सबसे बड़ा आभूषण होनी चाहिए। इसके साथ साथ हमें गुरु के समक्ष हमेशा सत्य बोलना चाहिए और उनकी आज्ञा लेकर कार्य करनी चाहिए। भगवान श्रीराम अपने गुरु से ही आज्ञा लेकर कुछ भी कार्य करते थे। हमें भी गुरु से आज्ञा लेकर ही अपने कार्य करने चाहिए। हमें श्रीराम के जैसे अपने माता पिता की भक्ति करनी चाहिए। उन्होंने हमें जीवन दिया है। उनका स्थान हमारे जीवन में सबसे ऊपर होना चाहिए। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा में गाजे बाजे के साथ हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए और सैकड़ों महिलाओं ने अपने सिर पर कलश उठाए। वहीं सभी भक्तों ने प्रसाद, भोजन प्रसाद प्राप्त किया। भगवान श्रीराम के अयोध्या में पधारने के बाद पहली नवमी के उपलक्ष्य में शाम को दिव्यधाम में 5100 दीये जलाए गए। यहां 23 अप्रैल को श्री हनुमान जयंती भव्य रूप में मनाई जाएगी।

# टैक्सी चालक के बेटे ने यूपीएससी एग्जाम किया क्रैक

## बगैर कोचिंग दूसरी बार में मिली सफलता, आईआईटी गुवाहाटी से की सिविल इंजीनियरिंग

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** शहर के टैक्सी चलाने वाले हरदयाल के बेटे शिवम ने एक दिन पहले आई यूपीएससी एक्जाम को क्रैक करते हुए 457 सी रैंक हासिल की है। शिवम ने दूसरे अटेम्प्ट में यह परीक्षा पास की है। पेशे से आईआईटी सिविल इंजीनियर शिवम ने बगैर कोचिंग के ही सबसे मुश्किल कहे जाने वाली इस परीक्षा को पास किया है।

शिवम का परिवार मूल रूप से रेवाड़ी के ही गांव नंगलमूंदि का रहने वाला है और अब वे शहर के गुलाबी बाग में रहते हैं। शिवम ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय नैचाना से 12वीं तक की पढ़ाई पूरी करने के बाद आईआईटी की तैयारी शुरू की थी। इसके बाद आईआईटी की संयुक्त प्रवेश परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर आईआईटी गुवाहाटी से बीटेक की पढ़ाई पूरी की, वर्तमान में वह दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। दो बहनों के इकलौते भाई शिवम की बड़ी बहन पूजा यादव की शादी हो चुकी है वहीं दूसरी बहन संजू राव असम के केंद्रीय विद्यालय में फिजिक्स विषय में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत है। शिवम की मां कमलेश देवी ग्रेजुएट है। पिता हरदयाल का कहना है कि मैं भले में दसवीं कक्षा तक भी नहीं पढ़ा हूँ लेकिन शिक्षा का महत्व मुझे पता है, इसलिए बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर कुछ बनाने का सपना देखा था जो अब पूरा होने लगा है। माँ कमलेश देवी घर पर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती है।

शिवम का कहना है कि जब लक्ष्य निर्धारित होता है तो मेहनत करने का मन करता है। उन्होंने आवश्यकता अनुसार इंटरनेट मीडिया का सदुपयोग करते हुए 10 से 12 घंटे पढ़ाई करते हुए यह लक्ष्य प्राप्त किया है। शिवम को बधाई देने वालों का पता लगा हुआ है।



# वोटर आईडी कार्ड का डिजिटल वर्जन डाउनलोड करना हुआ सरल : डीसी

**भारत चुनाव आयोग ने वोटर्स को दी हुई है ई-ईपीआईसी डाउनलोड करने की ऑनलाइन सुविधा**

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरु की हुई है। मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गई है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट वोटर्स.ईसीआई.जीओवी.इन से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकता है। खास बात यह है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजीलॉकर में अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी करवाया जा सकता है। डीसी ने बताया कि ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है।

इस डिजिटल आईडी प्रूफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजीलॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है। जिला के नए वोटर राष्ट्रीय मतदाता पोर्टल ईसीआई.जीओवी.इन पर विजिट कर यह कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। नए यूजर को पहले इस पोर्टल में अपना नाम रजिस्टर करना होगा। अब ई-ईपीआईसी डाउनलोड करने के विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद ई-ईपीआईसी नंबर या फॉर्म रैफरेंस नंबर को दर्ज करें। अब आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा। इसके बाद ई-ईपीआईसी डाउनलोड का विकल्प सामने होगा।



# टोल फ्री पर यूपीआई चालू करवाना पड़ा भारी

**साइबर ठग ने नकली बैंक अधिकारी बन पर्सनल जानकारी जुटा खाते से निकले पौने 11 लाख।**

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी जिले के एक व्यक्ति के साथ पौने 11 लाख रुपए की ठगी हो गई। उसने टोल फ्री नंबर पर यूपीआई ट्रांजैक्शन चालू करने के लिए कॉल की थी। शातिर ठग ने उसे झांसे में लेकर पर्सनल डिटेल जुटा ली और खाते से तीन बार में पैसे ट्रांसफर कर लिए। साइबर थाना पुलिस ने फ्रॉड का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेवाड़ी जिले के गांव लोहाना निवासी धर्मराज ने पुलिस को बताया कि उसका स्टेट बैंक आफ इंडिया में खाता है लेकिन इस खाते में यूपीआई ट्रांजैक्शन बंद थी। यूपीआई ट्रांजैक्शन चालू करने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल की। कॉल करने के कुछ सेकेंड तक तो बात हुई लेकिन इसी बीच कॉल कट गई। कुछ मिनट बाद धर्मराज के पास फिर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि वह स्टेट बैंक से बात कर रहा है जिससे धर्मराज को उस पर विश्वास हो गया और धर्मराज ने बताया कि उसे यूपीआई ट्रांजैक्शन चालू करने के साथ ही नेट बैंकिंग की लिमिट भी बढवानी है। कॉल करने वाले शातिर व्यक्ति ने धर्मराज से उसके बैंक खाते की डिटेल, आधार कार्ड नंबर और सीआईएफ नंबर भी ले लिया। आरोपी ने कहा कि कुछ मिनट में नेट बैंकिंग और यूपीआई ट्रांजैक्शन चालू हो जाएगी। पीडति ने बताया कि लेकिन न यूपीआई ट्रांजेक्शन चालू हुई ना ही नेट बैंकिंग की लिमिट बढ़ी बलिक कुछ मिनट के अंदर ही उसके खाते से पैसे काटने शुरू हो गए। पहली बार में चार लाख 90 हजार दूसरी बार में 94 हजार 673 और तीसरी बार में फिर से 4 लाख 90 हजार फिर से खाते से कट गए। उसने तुरंत इसकी सूचना साइबर क्राइम पोर्टल और टोल फ्री नंबर पर दी व अपने खाते को बंद कराया। साइबर थाना पुलिस ने कॉल करने वाले शातिर व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# माता मनसा देवी में नवरात्रे हुए संपन्न

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** चैत्र नवरात्रों के शुभारंभ से मोहल्ला नई बस्ती स्थित प्राचीन शक्ति सिद्ध पीठ मां मनसा देवी मंदिर में अष्टमी को माता का जागरण किया गया। प्रथम नवरात्रि से अष्टमी तक रोजाना महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन का किया गया।अष्टमी की रात्रि को महिला मंडल की सरिता रुस्तगी व किरण शर्मा सहित अन्य महिला श्रद्धालुओं द्वारा संगीतमय भजन कीर्तन किया जाता रहा। उन्होंने बताया कि अर्धरात्रि तक महिला श्रद्धालुओं द्वारा संगीतमय भजन कीर्तन के साथ जागरण किया।जागरण में सुंदर मनमोहक भजनों पर महिला श्रद्धालु झूमकर नाची।

जागरण में छोटे बच्चों माही,जीया,सौम्या,रिशु, श्रेया ने सुंदर झांकियो की प्रस्तुति दी।जागरण में अर्धरात्रि को आरती कर प्रसाद वितरण कर संपूर्ण किया।मंदिर पुजारी पंडित विजय कुमार ने बताया कि मंदिर के श्रद्धालुओं द्वारा रविवार 21अप्रैल को प्रात: 12बजे से भंडारे प्रसाद का आयोजन किया जाएगा।



# अभी तक कांग्रेस हरियाणा में नहीं उतार पाई एक भी प्रत्याशी, कई नाम को लेकर आपस में रार

## क्या कद्दावर नेताओं की वजह से प्रत्याशी उतारने में मिल रही है चुनौती

समाचार गेट ब्यूरो

दो दिन बाद ही लोकसभा चुनाव शुरू हो रहा है। कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपने प्रत्याशियों का ऐलान किया है। हरियाणा की नौ लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार घोषित करना कांग्रेस हाईकमान के गले की फांस बन गया है। तीन लोकसभा सीट रोहतक, अंबाला और सिरसा को छोड़कर किसी भी लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों के नाम को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सैलजा-रणदीप-किरण (एसआरके) गुट में सहमति नहीं बन पा रही है।

वहीं हरियाणा में प्रत्याशियों का नाम फाइनल करने में देरी हो रही है। जबकि भाजपा इस मामले में आगे ह। दरअसल हरियाणा की लोकसभा सीटों को लेकर कुछ ऐसे नाम है जिनपर आपस में ही सहमति नहीं बन पा रही है। पार्टी के सीनियर नेता ही सुझाए गए नामों के विरोध में खड़े हो गए हैं। 14 अप्रैल को सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक में पार्टी के महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और पूर्व सांसद कुमारी शैलजा ने भिवानी और गुरुग्राम सीट पर प्रस्तावित नामों को लेकर आपतति जताई थी।

दो कांग्रेस नेताओं के मुताबिक सीईसी ने पार्टी के विधायक राव दान सिंह का नाम भिवानी सीट के लिए और पूर्व सांसद राज बब्बर का नाम गुरुग्राम सीट के लिए प्रस्तावित किया था। उन्होंने कहा, जब इन दोनों नामों पर विचार किया जा रहा था तो सुरजेवाला और शैलजा दोनों ने ही आपतति जाहिर की। उन्होंने कहा कि सीईसी को श्रुति चौधरी और कैप्टेन अजय यादव के नाम पर विचार करना चाहिए। ये दोनों भिवानी और गुरुग्राम की सीट के लिए बेहतर उम्मीदवार हो सकते हैं।

वहीं बात करें राज बब्बर और दान सिंह की तो ये दोनों पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के करीबी बताए जाते हैं। वहीं जब सीईसी के दो महत्वपूर्ण सदस्यों ने आपतति जाहिर कर दी तो मामला सोनिया गांधी के सामने रखा गया। उन्होंने एक कमेटी का प्रस्ताव रखा जो कि सिफारिश करे। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तीन सदस्यों की कमेटी बना दी जिसमें महासचिव केसी वेणुगोपाल, मधुसूदन मिस्त्री और पर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद शामिल हैं।

वरिष्ठ नेताओं के मुताबिक सुरजेवाला और शैलजा पहले ही खुर्शीद से मुलाकात कर चुके हैं। वे चाहते हैं कि किसी भी कीमत पर चौधरी और यादव को टिकट मिले। उन्होंने खुर्शीद से मुलाकात करके उन्हें जातिगत समीकरण भी समझाने की कोशिश की।

कांग्रेस की गुटबाजी को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं। वह दोनों गुटों को भरोसे में लेकर चल रहे हैं। उधर भिवानी से अपनी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी का टिकट कटने की भनक लगने पर कांग्रेस विधायक दल की पूर्व नेता किरण चौधरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। श्रुति चौधरी भी उनके साथ थी।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर से भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट के लिए महेंद्रगढ़ के विधायक राव दान सिंह का नाम टिकट के लिए आगे किया जा रहा है। लेकिन एसआरके गुट चाहता है कि श्रुति चौधरी को ही यहां से टिकट मिलना चाहिए।

श्रुति चौधरी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बंसीलाल की पौत्री हैं। हालांकि श्रुति लगातार दो चुनाव हार चुकी हैं, लेकिन फिर भी बंसीलाल और किरण चौधरी के प्रभाव के चलते एसआरके गुट श्रुति चौधरी की टिकट पर अड़ा हुआ है। करनाल लोकसभा सीट पर अलग से विवाद छिड़ा हुआ है।

आइएनडीआइए गठबंधन में शामिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) अपने नेता मराठा वीरेंद्र वर्मा के लिए कांग्रेस से यह सीट मांग रही है। मराठा ने कुछ दिन पहले नई दिल्ली में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी मुलाकात की थी। कांग्रेस हाईकमान यह सीट एनसीपी को देने के लिए तैयार बताया जाता है।

लेकिन हुड्डा गुट नहीं चाहता कि करनाल लोकसभा सीट एनसीपी को दी जाए। आइएनडीआइए गठबंधन के सहयोगी के नाते आम आदमी पार्टी को कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पहले ही दी जा चुकी है, जहां से आप के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता चुनाव लड़ रहे हैं।

कांग्रेस के राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा है कि नौ लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों के नाम घोषित करने को लेकर पार्टी में जिस तरह सिर फुटौवल की स्थिति बनी हुई है, उससे टिकट घोषित होने के बाद उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार पर जबरदस्त विपरीत असर पड़ना तय है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और मधुसूदन मिस्त्री के नेतृत्व ने पार्टी हाईकमान ने तीन दिन पहले एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर टिकटों का विवाद खत्म करने की पहल की थी, लेकिन खुर्शीद और मिस्त्री के नेतृत्व वाली कमेटी भी हरियाणा के कांग्रेसियों की गुटबाजी को खत्म करने में कामयाब नहीं हो सके हैं।

उन्होंने संभावित उम्मीदवारों की एक लिस्ट बनाकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप दी है, जिस पर सहमति बनी थी कि यदि अध्यक्ष चाहेंगे तो बिना केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के ही इसे जारी किया जा सकता है। बताया जाता है कि मंगलवार को खरगे का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण इस लिस्ट पर कोई चर्चा नहीं हो सकी।

केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भी इसीलिए टाल दी गई थी, लेकिन जब किरण चौधरी को यह भनक लगी कि लिस्ट में श्रुति चौधरी का नाम नहीं है तो वह सीधे दिल्ली पहुंच गई। किरण चौधरी की पुरानी हिस्ट्री है कि हुड्डा सरकार में जब मंत्रिमंडल से उनका मंत्रालय छीन लिया गया था को कुछ घंटों के बाद ही वह उसे वापस कराने में कामयाब हो गई थी।

**कांग्रेस प्रत्याशियों की टिकटों पर कभी भी लग सकती मुहर**

कांग्रेस की आपसी गुटबाजी के बावजूद पार्टी उम्मीदवारों के नाम पर किसी भी समय मुहर लग सकती है। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया था कि नवरात्रों में टिकटों की घोषणा संभव है, लेकिन अब नवरात्रे भी बीत गए हैं। कांग्रेस आलाकमान सलमान खुर्शीद व मधुसूदन मिस्त्री की कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर टिकटों की घोषणा कर सकता है।

अंबाला से विधायक वरुण मुलाना, सिरसा से पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा, रोहतक से राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा के टिकट तय हैं।

हिसार से पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह, सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी का नाम सबसे ऊपर।

भिवानी-महेंद्रगढ में महेंद्रगढ़ के विधायक एवं पूर्व सीपीएस राव दान सिंह और पूर्व सांसद श्रुति चौधरी मजबूत दावेदार हैं।

गुरुग्राम में फिल्म अभिनेता राज बब्बर और पूर्व सिंचाई मंत्री कैप्टन अजय यादव प्रबल दावेदारों में शामिल हैं।

फरीदाबाद में पूर्व राजस्व मंत्री महेंद्र प्रताप व पूर्व मंत्री करण दलाल दौड़ में हैं।

करनाल में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र राठौर, पांच बार के विधायक बलबीर पाल शाह के भाई बुल्ले शाह और पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा टिकट के दावेदार हैं।





# गरीबी खत्म करने के लिए कांग्रेस ने दी है 10 गारंटियां: कुमारी सैलजा

**महिलाओं, दलितों, आदिवासियों को घर और व्यवसाय निर्माण के लिए दिए जाएंगे बड़े लोन**

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा गरीबी खत्म करने का दावा तो कर रही पर हालात पहले से ज्यादा खराब है। भाजपा अपने संकल्प पत्र में गरीब की सेवा की बात तो करती है पर गरीबी खत्म करने के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में गरीबी खत्म करने की 10 गारंटियां दी है। जब तक गरीबों का उत्थान नहीं होगा देश तरक्की नहीं करेगा। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब घर की एक महिला के खाते में सीधे 8,500 रुपये हर महीने डाले जाएंगे, मजदूरी दोगुनी करते हुए मनरेगा सहित दैनिक न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाकर 400 रुपये किया जाएगा, सभी के लिए 25 लाख तक की मुफ्त स्वास्थ्य सेवा, जिसमें जांच, दवाइयां, सर्जरी और निजी अस्पताल भी शामिल हैं। मजदूरों की रक्षा के लिए कदम उठाए जाएंगे जिसके तहत असंगठित और मजदूरों के लिए पेंशन, दुर्घटना और जीवन बीमा सहित व्यापक सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुफ्त शिक्षा का विस्तार करते हुए मिड डे मील के साथ मुफ्त सार्वजनिक स्कूली शिक्षा को कक्षा 12 तक बढ़ाया जाएगा। युवाओं के लिए रोजगार निर्माण किए जाएंगे जिसके तहत 30 लाख केंद्र सरकार की नौकरियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस ने किसानों की सुरक्षित आजीविका के लिए भी बात कही है जिसके तहत किसानों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी के लिए एक स्थायी आयोग का गठन किया जाएगा। शहरों में काम मिलने की गारंटी दी गई है जिसके तहत शहरी रोजगार गारंटी देते हुए शहरी गरीबों को काम प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रव्यापी सामाजिक-आर्थिक जातिगत गिनती यह सुनिश्चित करेगी कि कल्याणकारी योजनाएं उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत है। वंचित समुदायों का सशक्तिकरण की दिशा में कदम उठाया जाएगा जिसके तहत महिलाओं, दलितों, आदिवासियों को घर और व्यवसाय निर्माण के लिए बड़े लोन प्रदान किया जाएगा।



**आवश्यक सूचना**

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के थानेसर के सेक्टरों और कॉलोनियों में बैठक

## राम नवमी के अवसर पर आजाद नगर स्थित अपने घर पर पूजा अर्चना कर कुरुक्षेत्र के अच्छे भविष्य की कामना की

## रामराज्य की अवधारणा और आदर्शों पर चलकर काम कर रही आम आदमी पार्टी: डॉ सुशील गुप्ता

## कुरुक्षेत्र में भी धर्म और अधर्म की लड़ाई, धर्म की जीत निश्चित: डॉ. सुशील गुप्ता

## धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से जीत दर्ज कर हरियाणा में रामराज्य की शुरुआत करेगी आप : डॉ सुशील गुप्ता



**समाचार गेट ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने बुधवार को थानेसर विधानसभा के सेक्टरों और कॉलोनियों में चुनावी यात्रा शुरू की। इससे पूर्व उन्होंने रामनवमी के अवसर पर आजाद नगर स्थित अपने घर और प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर कुरुक्षेत्र के अच्छे भविष्य और देश में सुख शांति की कामना की। इसके बाद डॉ. सुशील गुप्ता ने ई रिक्शा में बैठकर चुनाव प्रचार किया और कुरुक्षेत्र की जनता के हकों की आवाज उठाने का वादा किया। इस दौरान जनता ने डॉ सुशील गुप्ता का दिल खोलकर स्वागत किया।

उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा थानेसर के शांति एनक्लेव से शुरू की। इसके बाद वे शास्त्री मार्केट में लोगों से मिले। वहां से कच्चा घेर मार्केट में लोगों से रूबरू हुए। इसके बाद विवेकानंद कॉलोनी में पहुंचे। यहां से नहर कॉलोनी, सेक्टर-5, सेक्टर-7, मोहन नगर, सेक्टर-2, सेक्टर-7 और लाडवा के गांव लोहारा में लोगों को संबोधित किया और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और इंडिया गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।

डॉ. सुशील गुप्ता ने दुकानदारों और जनता को राम नवमी की बधाई देते हुए कहा कि व्यक्ति अपने गुणों और कर्मों से ही पहचान बनाता है। भगवान श्री राम भी अपने स्वभाव, गुणों और कर्मों के कारण मर्दाया पुरुषोत्तम कहलाए। उन्होंने राजपाट छोड़ 14 साल वनवास में बिताए, लेकिन फिर भी एक श्रेष्ठ राजा कहलाते हैं क्योंकि उन्होंने सत्य, दया, करुणा, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलते हुए राज किया।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी रामराज्य की अवधारणा और आदर्श से प्रेरणा लेकर दिल्ली और पंजाब में सरकार चला रही है। आम आदमी पार्टी की कोशिश है कि कोई भूखा न सोए, हर गरीब को मुफ्त राशन मिले, बेघरों के लिए रहने, खाने और पीने की व्यवस्था की जाए, हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, हर व्यक्ति को अच्छा और मुफ्त इलाज मिले, महिलाओं को सुरक्षा मिले, हर व्यक्ति को 24 घंटे बिजली, पीने का पानी और सम्मान मिले। अब दिल्ली और पंजाब में हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलने लगी है और हर व्यक्ति को मुफ्त इलाज मिल रहा है। हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से रामराज्य की शुरुआत करेगी।

उन्होंने कहा कि जब देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन बना तो सरकारी एजेंसियों दुरुपयोग कर अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया। देश में लोकसभा चुनावों के वक्त ऐसी कार्रवाई बीजेपी का डर दिखा रही है। आज अरविंद केजरीवाल बेशक जेल में हैं, लेकिन उनकी सोच जनता के बीच है। कुरुक्षेत्र में भी अधर्म और धर्म की लड़ाई है। हजारों वर्षों पहले भी अधर्म पर धर्म की जीत हुई थी। महज कुछ पांडवों ने हजारों की संख्या में कौरवों को हराने का काम किया। हमारे साथ भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद है। कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता से और गांव में जो प्यार मिल रहा है। वो सब भगवान का आशीर्वाद है। जनता ने जो सम्मान और प्यार दिया है, उसको दुगना करके लौटाने का काम करूंगा। देश की संसद में कुरुक्षेत्र की जनता की आवाज को पहुंचाने का काम करूंगा।

उन्होंने कहा कि बीजेपी का कुरुक्षेत्र से एक डरा हुआ प्रत्याशी चुनाव लड़ रहा है। बीजेपी को कोई प्रत्याशी नहीं मिला तो नवीन जिंदल को ईडी का डर दिखा कर उम्मीदवार बना दिया। जिस व्यक्ति को खुद बीजेपी ने कुरूक्षेत्र की धरती पर कोयला चोर कहा, उसे ही कुरुक्षेत्र से बीजेपी का प्रत्याशी बना दिया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपनी आवाज नहीं उठा सकता वो कुरुक्षेत्र की जनता की आवाज क्या उठाएगा। आज कुरुक्षेत्र की जनता को मजबूर उम्मीदवार नहीं मजबूत उम्मीदवार की जरूरत है।

# साइबर फ्रॉड होने पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डीजीपी ने की बैठक

## साइबर अपराध नियंत्रण में देश के अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय बनी हरियाणा पुलिस

## बैक अधिकारियों ने विजिट किया हरियाणा पुलिस का साइबर हेल्पलाइन 1930 वर्क स्टेशन, हुए खासे प्रभावित

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** साइबर अपराध नियंत्रण को लेकर देश भर के राज्यों में अग्रणी हरियाणा पुलिस दिन-प्रतिदिन साइबर सुरक्षा तंत्र को और सुदृढ़ करने को लेकर नित नए आयाम स्थापित कर रही है। विश्व के मानचित्र पर हरियाणा साइबर अपराध नियंत्रण को लेकर देश भर के राज्यों का प्रतिनिधित्व कर रहा है ताकि लोगों को अपनी जमा पूंजी साइबर अपराध में ना गंवानी पड़े। साइबर अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे अपने इन्हीं प्रयासों के चलते हरियाणा पुलिस सितंबर-2023 में जहां देशभर में 23वें स्थान पर थी वहीं मार्च-2024 में प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार देशभर में पहले स्थान पर पहुंच गई है परिणामस्वरूप साइबर अपराध नियंत्रण को लेकर हरियाणा में किए जा रहे कार्यों को अन्य राज्यों द्वारा लागू किया जा रहा है।

**साइबर सुरक्षा को बनाया**

**प्राथमिकता तो आए उत्कृष्ट परिणाम**

पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर ने अगस्त-2023 में अपना पदभार संभालने उपरांत साइबर अपराध नियंत्रण को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया और साइबर अपराध नियंत्रण को लेकर आ रही समस्याओं के प्रत्येक पहलु का साइबर टीम के साथ बारिकी से अध्ययन किया और पायलट तौर पर बैंक के नोडल अधिकारी को हरियाणा पुलिस के वर्क स्टेशन में तैनात किया गया। इसी प्रकार, साइबर फ्रॉड संबंधी हैल्पलाइन नंबर पर आने वाले प्रत्येक कॉल को अटैंड करने के लिए वर्कस्टेशन पर तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या को पहले की अपेक्षा दोगुना किया गया परिणामस्वरूप बैंक तथा हरियाणा पुलिस ने एक साथ मिलकर साइबर फ्रॉड में संलिप्त बैंक खातों को फ्रिज करने की प्रतिशत दर को पहले की अपेक्षा कई गुना बढ़ा दिया गया। इस ट्रायल की सफलता के बाद दो अन्य निजी बैंकों ने भी हरियाणा पुलिस के साथ मिलकर काम किया जिसके सकारात्मक परिणामों के चलते दिन-प्रतिदिन साइबर फ्रॉड में संलिप्त बैंक खातों की प्रतिशत दर में उदाहरणात्मक बढ़ोतरी हुई। इसके साथ ही आरबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों तथा टेलीकॉम कंपनियां के साथ भी साइबर फ्रॉड रोकने के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार की गई जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए।

**आप्रेशन साइबर आक्रमण की शुरू की गई पहल, आई4सी तथा हरियाणा पुलिस ने साथ मिलकर किया काम**

एडीजीपी साइबर ओ पी सिंह ने बताया कि इंडियन साइबर क्राइम कोर्डिनेशन सेंटर(आई4सी) तथा हरियाणा पुलिस अब एक प्लैटफॉर्म पर काम कर रही है। यहां पर देश भर के 20 बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर साइबर फ्रॉड की गई राशि को फ्रीज करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना के तहत कार्य किया जा रहा है। इतना ही नही, हरियाणा पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों की धरपकड़ को लेकर 1 अप्रैल से लेकर 10 अप्रैल तक आप्रेशन साइबर आक्रमण के तहत प्रतिबिंब मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करते हुए साइबर



अपराधियों की लोकेशन ट्रैक की गई और 84 साइबर अपराधियों को पकड़ा गया। इनमे से सबसे अधिक साइबर अपराधी नूंह जिला से पकड़े गए। इसके साथ ही हरियाणा पुलिस द्वारा टेलीकॉम कंपनियों के साथ तालमेल स्थापित करते हुए साइबर अपराध में संलिप्त 70 हजार मोबाइल नंबरों को ब्लॉक करवाया गया है। इतना ही नही, हरियाणा पुलिस ने साइबर अपराधियों को बैंक खातों के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाने वाले 11 बैंक कर्मचारियों को भी पकड़ने में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है।

**11 बैंको के वरिष्ठ अधिकारियों को डीजीपी ने दिए निर्देश, कहा-आरबीआई की गाइडलाइंस का गंभीरता से करें पालन**

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सितंबर-2023 में जहां हरियाणा पुलिस 8.62 प्रतिशत पैसा होल्ड करते हुए देश में 23वें स्थान पर थी वहीं अब 27 प्रतिशत राशि होल्ड करते हुए पहले स्थान पर पहुंच गई है। इस प्रतिशत दर को और अधिक बढ़ाने को लेकर पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें स्पष्ट कहा कि यदि बैंकों की लापरवाही की वजह से किसी भी साइबर फ्रॉड का शिकार हुए व्यक्ति को अपनी जमा पूंजी गंवानी पड़ती है तो भविष्य में संबंधित बैंक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसपी साइबर अमित दहिया ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपराधियों द्वारा साइबर अपराध के लिए अपनाए जाने वाले तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री कपूर ने कहा कि बैंक आरबीआई की गाइडलाइंस के अनुसार ईकेवाईसी को ठीक प्रकार से करें ताकि फर्जी बैंक खाते ना खोले जा सकें। उन्होंने कहा कि आरबीआई के दिशा-निर्देशो की पालना अनिवार्य है,इसलिए बैंक अधिकारी अपने बैंको में इनकी पालना सुनिश्चित करें। श्री कपूर ने कहा कि रोजाना बड़ी संख्या में लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं जिसकी वजह से उन्हें अपनी जमा पूंजी को गंवाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस के संज्ञान में आया है कि कुछ बैंकों में कार्यरत कर्मियों द्वारा साइबर अपराधियों के साथ मिलकर म्यूल अर्थात फर्जी बैंक खाते खुलवाए जा रहे हैं जिनमें साइबर ठगी का पैसा ट्रांसफर किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार की घटना में किसी भी बैंककर्मी की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके खिलाफ निर्धारित नियमानुसार सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बैंक से आए प्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने बैकिंग कार्यप्रणाली की समीक्षा करें और म्यूल अकाउंट की पहचान करते हुए ऐसे बैंक खातों को तुरंत बंद करवाना सुनिश्चित करें।

बैठक में बताया गया कि स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा वर्तमान में साइबर फ्रॉड की गई लगभग 31 प्रतिशत राशि को फ्रिज किया जा रहा है जोकि सराहनीय है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक ने स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की टीम को बधाई दी और कहा कि वे अपने बैंक द्वारा इस दिशा में किए गए प्रयासों को अन्य बैंककर्मियों के साथ भी सांझा करें।

**बैंक अधिकारियों ने विजिट किया हरियाणा पुलिस का साइबर हेल्पलाइन 1930 का वर्कस्टेशन, हुए खासे प्रभावित**

बैठक के उपरांत सभी बैंक अधिकारियों को हरियाणा 112 में स्थापित किया गया साइबर हेल्पलाइन 1930 का वर्कस्टेशन भी विजिट करवाया गया। बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों ने वहां स्थापित किए गए वर्क स्टेशनों के माध्यम से साइबर फ्रॉड रोकने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की जिससे प्रभावित होकर कोटक महिंद्रा बैंक ने तुरंत ही अपने नोडल अधिकारी की नियुक्ति हरियाणा पुलिस के कंट्रोल रूम में कर दी।

गौरतलब है कि साइबर अपराधियों द्वारा रोजाना अलग-अलग तरीके अपनाते हुए आमजन को साइबर फ्रॉड का शिकार बनाया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर साइबर अपराधी लोगों को इन्वेस्टमेंट के नाम पर अलग-अलग प्रकार के प्रलोभन देते हैं जिसके चलते लोग उनके झांसे में आ जाते हैं और साइबर ठगी का शिकार बनते हैं। इसी प्रकार, साइबर अपराधियों द्वारा स्वयं को सीबीआई, ईडी तथा ट्राई का अधिकारी बताते हुए लोगों को गिरफ्तारी का डर दिखाकर साइबर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। इसके अलावा लोगों को नौकरी का झांसा देकर वर्क फ्रॉम होम, इंश्योरेंस, ऑनलाइन काम के बदले में वेतन देने आदि सहित ऑनलाइन टास्क बेस्ड फ्रॉड किए जा रहे हैं। पुलिस महानिदेशक ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ना आए और तथ्यों की जांच पड़ताल अवश्य करें अन्यथा वे साइबर ठगी का शिकार हो सकते हैं। साइबर फ्रॉड होने पर लोग हेल्पलाइन नंबर 1930 पर जल्द से जल्द संपर्क करें।

# सैदपुर के दीपक यादव व बजाड़ के विनय कुमार ने सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की

## नारनौल चांदूवाड़ा निवासी दीपांशु ने आईपीएस अधिकारी बन परिवार का नाम किया रोशन

## जाटवास की सिमरन का चयन आईपीएस में

## कारोता के नीशु दूसरे प्रयास में भी रहे आईपीएस











**समाचार गेट ब्यूरो**

**नारनौल।** नारनौल क्षेत्र के गांव सैदपुर व बजाड़ के दो युवाओं ने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गांव सैदपुर निवासी दीपक ने 518 रैंक प्राप्त किया वहीं बजाड़ के विनय कुमार ने 871 वां रैंक हासिल किया है । जिससे सारे क्षेत्र व गांव में खुशी का माहौल है।

जिला महेंद्रगढ़ के मंडी अटेली कस्बा से सटे गांव सैदपुर निवासी दीपक यादव ने यूपीएससी क्लियर कर लिया है। उनका 518 वां रैंक आया है । दीपक के पिता राजेश यादव सेना से सेवानिवृत हैं और वर्तमान में इनकम टैक्स में निरीक्षक पद पर कार्य कर रहे हैं । दीपक के दादा कान्हाराम यादव भी सेना से कप्तान पद से सेवानिवृत है। दीपक का एक चाचा भी सेना से सेवानिवृत है तथा दूसरा चाचा खेती बाड़ी का कार्य करता है। वहीं चाचा का लड़का वायु सेना में कार्यरत है। दीपक ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जयपुर राजस्थान से शुरू की थी।

आज लोक सेवा आयोग के द्वारा सिविल से सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम घोषित हुआ है। इस परिणाम में दीपक ने बाजी मारी है। दीपक के चयन के बाद क्षेत्र व गांव में खुशी की लहर है। लोग परिवार को बधाइयां दे रहे हैं।

वहीं अटेली क्षेत्र के गांव बजाड़ निवासी विनय कुमार ने यूपीएससी की परीक्षा में 871वीं रैंक हासिल की है। युवाओं की इस उपलबधि पर क्षेत्र के दोनों गांवों में खुशी का माहौल है। गांव सैदपुर के सरपंच विकास यादव तथा गांव बजाड़ के सरपंच प्रतिनिधि जोगेंद्र यादव ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता केवल मेहनत लगन के बल पर ही प्राप्त की जा सकती है।

व्यक्ति में दृढ़ आत्मविश्वास होना चाहिए ताकि ऐसा व्यक्ति अपने जीवन में आने वाली बड़ी से बड़ी बाधा को पार करते हुए सफलता को हासिल कर सके।

**मौहल्ला चांदूवाड़ा निवासी दीपांशु ने आईपीएस अधिकारी बन परिवार का नाम किया रोशन**

यूपीएससी द्वारा जारी परिणाम में मौहल्ला चांदूवाड़ा निवासी दीपांशु पुत्र स्वर्गीय प्रवीण कुमार का ऑल इंडिया में 119वी रैंक प्राप्त कर आईपीएस के लिए चयन हुआ। दीपांशु की माता ऊषा गुप्ता सरकारी विद्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत है। दीपांशु ने 10वी और 12वी नारनौल यदुवंशी स्कूल से करने के उपरांत रुड़की से आईआईटी की डिग्री प्राप्त की तथा उसके बाद इसरो केरल में कार्यरत रहे। जहां से नौकरी छोड़कर इन्होंने स्वयं सेल्फ स्टडी के माध्यम से यूपीएससी की तैयारी कर अपने द्वितीय प्रयास में आज आईपीएस अधिकारी के रूप चयनित होकर समस्त जिला के साथ अपने परिजनों का नाम रोशन किया। सभी मित्रों एवं स्थानीय निवासियों ने उनके परिजनों को बधाई देते हुए बच्चे की उपलबधि पर खुशी जाहिर की।

सिमरन का चयन आईपीएस में

गांव जाटवास महेंद्रगढ़ की सिमरन सिवाच ने यूपीएस की परीक्षा में 218 वां रैंक हासिल किया। उनका चयन यह आईपीएस के रूप में हुआ है। गांव जाटवास निवासी सिमरन ने यूपीएससी पास करके माता-पिता व जिले का गौरव बढ़ाया है। उनका जन्म गांव जाटवास में हुआ। सिमरन ने 12वीं परीक्षा की पढ़ाई दिल्ली से पूरी की है।

**सिमरन ने कहा कि यूपीएससी में सफलता हासिल कर दादा का सपना पूरा कर दिया है**

सिमरन के चचेरे भाई सुरजीत सिवाच ने बताया कि सिमरन शुरू से पढ़ाई में अव्वल रही है। उनके पिता दुष्यंत सिवाच दिल्ली में सरकारी वकील हैं व माता पुष्पा सिवाच चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की सदस्य हैं।

उन्होंने बताया कि सिमरन के दादा चौधरी होशियार सिंह जिला पंचायत विकास विभाग से सेवानिवृत्त हैं। दादा का सपना था कि उनकी पोती बड़ी अधिकारी बनकर जिले का गौरव बढ़ाए। दादा के इसी सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस उपलबधि पर उनके चाचा देवेंद्र सिवाच, दादा चौधरी होशियार सिंह व गांव के लोगों ने सिमरन को बधाई दी है।

**कारोता के निशु का दोबारा आईपीएस में चयन**

निशु अग्रवाल पुत्र विजय कंछल कारोतावाले (हाल आबाद छत्तीसगढ़ धमतरी) के आईपीएस बनने पर परिजनो में खुशी की लहर है। ईशू कंछल पुत्र विजय कंछल (कारोता वाले) ने 193वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। ईशू पहले भी परीक्षा पास कर चुके हैं। अभी हाल में ईशू कंछल हैदराबाद में आईपीएस की ट्रेनिंग कर रहे हैं।

**अब दोबारा भी यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।**

विजय मूल रूप से नारनौल के गांव कारोता के रहने वाले हैं। लेकिन पिछले 40 साल से उनका परिवार धमतरी, छत्तीसगढ़ में रह रहा है। ईशू कंछल के चाचा कृष्ण कंछल ने बताया कि ईशू हमेशा ही पढ़ाई में अव्वल रहता था। उन्होंने 12वीं कॉमर्स में संकाय में अच्छे अंक से प्राप्त किए थे।

बीकॉम कर उसने सीए की तैयारी शुरू कर दी। लगभग चार वर्ष पहले ही उसने सीए की परीक्षा भी उत्तीर्ण की थी। इसके बाद उसने यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। ईशू के पिता धमतरी में टिंबर का कार्य करते हैं, वहीं माता सविता गृहणी हैं।

कृष्ण कंछल ने बताया कि ईशू अग्रवाल ने अग्रवाल समाज का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि जल्द ही आईपीएस ईशु कंछल को नारनौल बुलाकर उनका नागरिक अभिनंदन आयोजित किया जाएगा।

उनके परिवार के सदस्य जीतू कंछल भुजिया वालों ने बताया कि निशु अग्रवाल ने पिछले वर्ष भी सफलता प्राप्त की थी। वह सीए हैं और पिछली बार आईपीएस में चयन होने के बाद दोबारा आईएएस के लिए एग्जाम दिया था। इस बार भी उनका रैंक 193 वा आया है।

